रोहतक

सोमवार, 22 सितंबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 233
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 22.3


# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नवरात्र की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354I. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. ‡Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122, Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868, Assandh: Sandhu Hero , 9996571157, Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056, Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505, Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057, Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433, Gohana: Krishna Hero, 9289923026, Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082, Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147, Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050, Jind: National Hero, 9289922061, Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062, Karnal: Nirmal Hero, 9289922048, Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988, Ladwa:Khanna Hero, 9289922063, MandiDabwali: Karan Hero, 9289922490, Nuh: Sunil Hero , 9289923087, Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058, Narwana: Narwana Hero, 9289923101, Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877, Panchkula: Regent Hero, 9289923161, Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059, Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393, Rewari: Virendra Hero, 9289922060, Rohtak: Shivam Hero, 9289922047, Sirsa: Khanna Hero, 9289923195, Sonipat: Madaan Hero, 9289922865, Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

RS/Hero/09/25




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits^

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 125M is as per the cumulative dispatch number till Aug 2025. *Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. AERA Tech is Advanced Electronic Ride Assist Technology. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Haryana.

टोल फ्री नंबर
1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

FCB INTERFACE /8486/SEP25/HIN

रोहतक

सोमवार, 22 सितंबर 2025

अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 233
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 22.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नवरात्र की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com



भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT
सत्यमेव जयते

## नवरात्रि के पावन अवसर पर

# GST बचत उत्सव

## का शुभारंभ

### आज से देशभर में GST की कम दरें लागू

**रोजमर्रा उपयोग की अधिकतर वस्तुओं पर जीएसटी 0% या 5%**

**अब मुख्य रूप से केवल 2 टैक्स स्लैब**



### 99% माल एवं सेवाएं या तो टैक्स फ्री हैं, या फिर उनपर 5% या 18% जीएसटी है

| | पिछली दरें | नई दरें | बचत |
|---|---|---|---|
| किराने का सामान | 18/12/5% | शून्य/5% | 13% तक बचत |
| रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं | 18/12% | 5% | 13% तक बचत |
| कपड़े और जूते | 12% | 5% | 7% तक बचत |
| स्वास्थ्य और जीवन बीमा | 18% | शून्य | 18% तक बचत |
| दवाएं | 12% | शून्य/5% | 7-12% तक बचत |
| स्टेशनरी | 5/12% | शून्य/5% | 7% तक बचत |

### जीएसटी दरें इन पर भी घटी

| ट्रैक्टर (1800 सीसी तक) | छोटी कारें (1500 सीसी तक) | मोटरसाइकिल / स्कूटर्स (350 सीसी तक) | टेलीविजन | एयर कंडीशनर |
|---|---|---|---|---|
| बचत: लगभग ₹40,000 | बचत: लगभग ₹70,000 | बचत: लगभग ₹8,000 | बचत: लगभग ₹3,500 | बचत: लगभग ₹2,800 |

### अब हर घर बचत ज़्यादा और खुशियां भरपूर



"नए जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा। गरीब, निओ मिडिल क्लास, मिडिल क्लास, किसान, महिलाएं, स्टूडेंट्स, नौजवान, सभी को जीएसटी टैक्स कम करने से बहुत फायदा होगा।"

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

**जीएसटी** – और बेहतर, और सरल!

कम दरों और अन्य माल एवं सेवा कर परिवर्तनों की पूरी सूची के लिए, कृपया स्कैन करें

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

CBC 15502/13/0020/2526

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाने पर केस

**गुरुग्राम।** महिलाओं के नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर अभद्र फोटो डालने और कमेंट करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना ईस्ट पुलिस ने दो महिलाओं की शिकायत पर अलग-अलग दो केस दर्ज किए हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से उनके नाम और फोटो का उपयोग कर आईडी बनाई गई और इसका उपयोग आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने और कमेंट करने में किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 31 जुलाई से छह अगस्त के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई। आईडी पर उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें अपलोड की गई, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची।

### फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू

**फरीदाबाद।** बीके-केसी रोड स्थित मेयर कैंप ऑफिस फरीदाबाद में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने की। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद एवं पीपल फॉर एनिमल्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईएमए ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नगर निगम और पीएफए एनजीओ के साथ मिलकर समुदायिक कुत्तों के लिए एंटी.रेबीज वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की।

### तिगांव का हो रहा कायाकल्प : नागर

**फरीदाबाद।** प्रदेश सरकार के मंत्री एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने रविवार दो बड़ी सडक़ों को बनाने का निर्माण कार्य शुरू करवाया, जिन पर करीब 1 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत आएगी।इस अवसर पर राजेश नागर ने बताया कि तिगांव से जुन्हेडा और तिगांव से बुखारपुर जाने वाली दो मुख्य सडक़ों को बनाने का काम आज से शुरू किया गया है। इन सडक़ों के बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

### दो दिवसीय परिप्रेक्ष्य निर्माण कार्यशाला शुरू

फरीदाबाद। हरियाणा फोर्सेज ने फरीदाबाद में गैर.सरकारी संगठनों के लिए दो दिवसीय परिप्रेक्ष्य निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में हरियाणा के 13 जिलों से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा फोर्सज की संयोजक दीपा बजाज ने किया। संस्था की संयोजक दीपा बजाज ने कार्यक्रम का संचालन किया और संस्था की उपलब्धियां से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अवगत कराया। उन्होंने हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों सहित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यशाला में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, हरियाणा क्रेच नीति, आंगनवाड़ी सह-क्रेच तथा पालना योजना पर सत्र आयोजित होंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कुरुक्षेत्र व गुरुग्राम में 'नमो युवा रन' में दौड़ी प्रदेश की युवा शक्ति

कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह

# नमो मैराथन हमारी युवा शक्ति की ऊर्जा जोश व राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य खेल स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'नमो युवा रन' मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी युवाओं के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की यह मैराथन हमारी युवा शक्ति की ऊर्जा, जोश और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की यह पहल युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बिना खर्ची-बिना पर्ची 1.80 लाख को दी सरकारी नौकरी

उन्होंने कहा कि यह रन केवल 5 किलोमीटर की नहीं, बल्कि देश की तरक्की की दौड़ है जो हर युवा के मन में समर्पण, धैर्य और मेहनत की भावना को जगाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने युवाओं के स्वाभिमान और उनकी योग्यता का सम्मान किया है। योग्यता के आधार पर बिना खर्ची-बिना पर्ची के 1 लाख 80 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसर न केवल हमें एक साथ जोड़ते है, बल्कि हमें एक महान प्रेरणा भी देता है। प्रधानमंत्री की अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट समर्पण ने हमें एक नए भारत का सपना दिखाया है।




### प्रधानमंत्री की अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने देश को नए भारत का सपना दिखाया

प्रधानमंत्री की अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट समर्पण ने हमें एक नए भारत का सपना दिखाया है। हमें उस सपने को साकार करने की प्रेरणा दी है। प्रधानमंत्री ने हमारे सामने 'विकसित भारत' का विजन रखा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में, 'मेक इन इंडिया', 'लोकल फॉर वोकल', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी पहले देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। चाहे कोई भी क्षेत्र हो, जब हम एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करते हैं।

**मनोहर लाल बोले:** समाज के नशामुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका अहम

## साइबर नगरी में 10 हजार युवाओं ने दिखाया जोश

**गुरुग्राम ।** रविवार को 'नमो युवा रन' के जरिए नशामुक्त समाज का बुलंद संदेश दिया। लेजर वैली पार्किंग से शुरू हुई इस भव्य दौड़ में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। दौड़ का केंद्रीय विद्युत व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया, कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौरव गौतम भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नमो युवा रन में सहभागी बने हजारों युवाओं से आह्वान किया कि वे नशामुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं।



### देश युवा तो भविष्य भी युवा

मनोहर लाल ने कहा कि यदि देश युवा है तो उसका भविष्य भी युवा ही होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसी आधार पर देश का प्रत्येक जिला और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। आज प्रदेश का युवा हर जगह आगे बढ़ रहा है।

## जीएसटी सुधार आमजन और व्यापारियों के लिए ऐतिहासिक कदम : सीएम

- आज से 15 अक्टूबर तक एक विशेष जीएसटी जागृति अभियान चलेगा : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में लागू किए गए जीएसटी सुधार देश के आर्थिक इतिहास में सबसे बड़ा कर सुधार साबित होंगे। यह सुधार न केवल व्यापारियों को राहत देंगे बल्कि आम उपभोक्ताओं के जीवन को भी सरल बनाएंगे। इन सुधारों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों में पारदर्शिता आएगी।मुख्यमंत्री ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए जीएसटी सुधारों के लाभ और महत्व की जानकारी आमजन और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए 22 सितंबर से 15 अक्टूबर तक एक विशेष 'जीएसटी जागृति अभियान' शुरू करने को कहा है। इसके लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि अभियान का पहला चरण 22 से 29 सितंबर तक चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री स्वयं, राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, विधायक तथा शहरी स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस दौरान प्रतिदिन चिन्हित मार्केट्स का दौरा कर 25 से 30 दुकानदारों और ग्राहकों को सुधारों की जानकारी दी जाएगी। जनता को विशेष पम्पलेट वितरित किए जाएंगे और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाए जाएंगे।

### 72 टीबी मरीजों को लिया गोद

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एक एक सक्षम नागरिक द्वारा निक्षय मित्र बनकर एक एक टीबी मरीज को पोषण आहार किट देने के लिए गोद लिया जाए, तो प्रदेश से टीबी की बीमारी पूर्ण रूप से खत्म होगी और प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान का सपना भी साकार होगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को लाडवा, कुरुक्षेत्र के 72 टी बी मरीजों को गोद लिया। लाडवा की रामकुंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों को पौष्टिक पोषण आहार की पहली किट वितरित की। मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 6 महीनों तक प्रत्येक मरीज को पौष्टिक आहार किट पहुंचाई जाएगी।

---

त्योहारों में सुरक्षा प्रबंधन को डीजीपी ने ली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

## विदेशी नागरिकों के पहचान को बनेगा स्पेशल सेल अधिकारियों को हर सप्ताह भेजनी होगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के कांफ्रेंस हॉल में प्रदेशभर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्तों और रेंज आईजी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में हरियाणा में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देश के नागरिकों , सूदखोरों, अपराधियों व हुड़दंगियों पर कार्रवाई, ट्रैफिक प्रबंधन और त्योहारों के सीजन की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर सख्ती डीजीपी कपूर ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक सप्ताह अवैध रूप रह रहे दूसरे देश के नागरिकों से जुड़े मामलों की समीक्षा करें तथा उन पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक जिले में इसके लिए अलग सेल गठित करने और प्राप्त इनपुट्स पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, अधिकारियों को इस विषय पर हर सप्ताह रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजने के लिए भी कहा गया।




### सूदखोरों के खिलाफ लोगों का मिल रहा समर्थन

बैठक में कपूर ने सूदखोरों के खिलाफ चल रहे सघन अभियान की समीक्षा की। सोनीपत की पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि पुलिस को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी श्री कपूर ने स्पष्ट किया कि जरूरतमंद और गरीब लोगों की मदद करना ही इस अभियान का उद्देश्य है।

सिरसा सांसद सैलजा ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

## जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस रेल सेवा का विस्तार सिरसा/बठिंडा तक करें

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर गाड़ी संख्या 14891/92 जोधपुर - हिसार एक्सप्रेस रेल सेवा का विस्तार सिरसा/बठिंडा तक करने के लिए अनुरोध किया है। इस ट्रेन से सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को तो सुविधा होगी ही साथ व्यापारी वर्ग को भी लाभ होगा। सांसद सैलजा ने पत्र में रेल मंत्री को लिखा है कि सिरसा और बठिंडा क्षेत्र की जनता की ओर से वे आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती है कि 14891/92 जोधपुर - हिसार एक्सप्रेस को यदि सिरसा/बठिंडा तक विस्तार दिया जाए तो लाखों यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी।

### सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को होगा फायदा

सांसद ने कहा कि धार्मिक दृष्टि से यह ट्रेन सेवा काफी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि श्री सालासर बालाजी धाम जाने के लिए सिरसा, भट्टू, आदमपुर, कालांवाली, रामां और बठिंडा क्षेत्र के यात्रियों को इस रेल सेवा की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही सिरसा के स्थानीय लोगों को की काफी समय से सिरसा से हिसार प्रातःकालीन रेल सेवा की लंबे समय से भारी मांग रही है। इस ट्रेन के संचालन से एक ओर जहां यात्रियों को सुविधा होगी वहीं आर्थिक लाभ भी होगा। व्यापार में भी तेजी आएगी।



प्रधानमंत्री ने देशवासियों को ऊर्जा से भरा : विज

## राहुल गांधी नकारात्मकता से ग्रस्त उन्हें मनोवैज्ञानिक इलाज की जरूरत



- ऊर्जा मंत्री बोले, मोदी ने पाकिस्तान के छुक्के छुड़वा दिए
- दुनिया भर में हम छा रहे

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा एक्स (पहले टिवटर) पर नरेंद्र मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मसम्मान दिलवाया है। मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के छक्के छुड़वा दिए, आज सारा विश्व भारत के साथ हाथ मिलाने को इच्छुक है और आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर है। आज भारतीयों की सारे विश्व में कदर होती है। उन्होंने कहा कि मैनें पहले भी कहा है कि राहुल गांधी नकारात्मकता से ग्रस्त है जिन्हें किसी मनोवैज्ञानिक से ईलाज कराने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया और फिट इंडिया का नारा दिया था, आज नागरिकों ने इस नारे पर अमल करते हुए प्रधानमंत्री के उद्देश्यों को पूरा किया है। विश्व में भारत देश को युवा देश माना जाता है। हम तेजी से तरक्की कर रहे है।

## जेजेपी का युवा योद्धा कार्यक्रम मंगलवार से

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके 27 वरिष्ठ युवा पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। दिग्विजय चौटाला ने बताया कि युवा जेजेपी प्रदेश महासचिव के पद जोनी लठवाल, सिद्धार्थ गोदारा, अनिल दुल, सोमवीर सिंह और अजय राव को नियुक्त किया गया हैं। इसी तरह संदीप श्योराण, अनुराग खटकड़, संपूर्ण कोयल, कर्णवीर ओढ़ां, सूरज चौहान, वीरेंद्र शेखों, अशोक ढिल्लों और राजबीर सिंह बराड़ भी युवा प्रदेश महासचिव होंगे। वहीं जेजेपी ने हरसिमरन सिंह बब्बू, गौरव सैनी, शाकिर खान, संदीप सिंघल, कर्ण तुषीर, रितुराज चौधरी, विपिन मोंगा व अन्य को जिम्मेदारी सौंपी है।



## मिलर्स से टूटे चावल के दाने की छूट सीमा 10 प्रतिशत करना गलत : गर्ग

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय व्यापार मंडल राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने राइस मिलरों से टूटे चावल के दाने की छूट सीमा जो 25 प्रतिशत थी सरकार ने उसे घटकर 10 प्रतिशत करने से देश व प्रदेश के राइस मिलों में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में राइस मिलें लगातार नुकसान में चल रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार धान से चावल निकालने की मिलिंग चार्जिंग 10 रुपए प्रति क्विंटल राइस मिलरों को दे रही है जबकि सरकार को मिलिंग चार्ज 10 रुपए की बजाएं कम से कम 100 रुपए राइस मिलरों को देने चाहिए जबकि एक क्विंटल में मिलिंग का खर्च 100 रुपए से ज्यादा आता है। गर्ग ने कहा कि एक क्विंटल धान में लगभग 62 किलो चावल निकलता है।

## इंडिया एआई मिशन को आगे बढ़ा रही सरकार : वैष्णव

**गुरुग्राम।** इंडिया एआई मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से भारतजेन की सॉवरेन एआई फ्लैगशिप पहल, को 988.6 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ है। यह घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक कार्यक्रम के दौरान की। आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर गणेश रामकृष्णन, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर ने कहा कि यह आवंटन भारतजेन को अपने फाउंडेशनल मॉडल्स को आगे बढ़ाने, भारत की एआई अवसंरचना को मजबूत करने, एंटरप्राइज एडॉप्शन को गति देने और हमारे सॉवरेन एआई स्टैक के माध्यम से डेवलपर्स को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

### भारतजेन को 988.6 करोड़ का अनुदान मिला

वहीं भारतजेन के कार्यकारी उपाध्यक्ष, ऋषि बाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया गया यह आवंटन भारत की इस दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है कि हम बड़े पैमाने पर सॉवरेन एआई का निर्माण करेंगे। भारतजेन के साथ, हम उस एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहे हैं जो हमारे देश की विविधता को दर्शाता है और साथ ही वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की अग्रणी स्थिति को भी मजबूत करता है। प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग इस क्रांतिकारी यात्रा का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है।



---

प्रदेश की गोशालाओं पर सूबे की सरकार मेहरबान, नहीं धन की कोई कमी

अब बोझ नहीं, गोशालाओं में हो रहे नए-नए प्रयोग,दीवार पर करने के लिए पेंट भी बाजार में

# दूध, छाछ और घी के बाद अब बाजारों में छा रहे गोबर से बने उत्पाद, बन रहे दीवार घड़ियों के फ्रेम

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश की नायब सैनी सरकार और पूर्व सीएम केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की दरियादिली ने हरियाणा की गोशालाओं और गोधन की सूरत व सीरत बदल डाली है। सरकार इन पर इतनी मेहरबान है कि इनके पास अब पैसे का संकट नहीं है, बल्कि आने वाले दिनों में गोशाला व गोधन अपने वित्त का प्रबंध भी खुद ही कर लगेगा। गोशालाओं में गाय का दूध, गोबर, मूत्र से लेकर हर सामग्री से जुड़े प्रोडक्ट बाजार में आ गए हैं। आप हैरान होंगे लेकिन यह सच है-गोधन से गो मूत्र से गोअर्क, पौचा लगाने के लिए जहां गोनाइल तैयार किया गया है। वहीं, गोबर में अन्य सामग्री मिलाकर इससे ईंट और घरों में करने के लिए सस्ता पेंट भी तैयार किया जा रहा है। खास बात यह है कि यह पेंट दूसरे बाजार में उपलब्ध पेंट से आधी कीमत का है। जिसमें मच्छर मक्खी कोई भी नहीं बैठता, क्योंकि गाय के गोबर में यह ताकत है। इसके अलावा ईंट बनाने के काम के साथ साथ अन्य रिसर्च का कामकाज जारी है। इसके अलावा गोबर में अन्य कुछ सामग्री बनाकर गमले तैयार किए जा रहे हैं, जिनके टूटजाने के बाद भी इसे खाद के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। घरों में लगे फोटो फ्रेम, घड़ियों के फ्रेम से लेकर अन्य उत्पाद तैयार हो रहे है।

- गो उत्पाद से ईंट भी बन रहे, अन्य कई तरह की रिसर्च चल रही



### हरियाणा गोसेवा आयोग के पास 688 गोशालाएं पंजीकृत

प्रदेश में अब गौशालाओं की संख्या बढ़कर 688 हो गई हैं। जिसमें चार लाख से ज्यादा गोवंश को रखा जा रहा है। आयोग की ओर से बछड़े बछड़ी के लिए दस रुपये प्रतिदिन जबकि एक साल से ज्यादा को बीस रुपये प्रतिदिन, जबकि एक साल से ज्यादा के सांड बैल को 20 रुपये प्रतिदिन दिए जा रहे हैं। अब गौशाला संचालकों के लिए राहत की बात यह है कि गौशाला द्वारा जमीन खरीद पर कोई भी रजिस्ट्री खर्च और स्टांप ड्यूटी नहीं है । हरियाणा पहला इस तरह का प्रदेश है, जहां पर मुख्यमंत्री गौशाला जगमग योजना के तहत 90 फीसदी सब्सिडी देकर 330 गौशालाओं, नंदीशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं। बाकियों में लगाने की मुहिम आने वाले वक्त में तेज

### ये तैयार हो रहे हर्बल उत्पाद

धूपबत्ती, अगरबत्ती और दवाओं के साथ साथ में खेतों में डाले जाने वाला डीएपी हर्बल खाद अन्य सामग्री तैयार की जा रही है। रिसर्च का काम भी सुखदर्शनपुर रायपुररानी एरिया में चल रहा है। अहम बात यह है कि आने वाले दिनों में रिसर्च ज्यादा तेज होने जा रही है। सूबे की सभी गौशाओं में गोबर गैस का उत्पादन और सोलर पैनल लगाए जाने की कवायद को भी सिरे चढ़ाने की मुहिम चल रही है।

### शत प्रतिशत सोलर लगाने की अपील

हरियाणा के गोधन शुभचिंतकों, समाजसेवी संस्थाओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से गोशालाओं को लेकर अब सभी में सौ फीसदी सोलर पैनल लगाए जाने की वकालत की है, फिलहाल, यह एक सीमित दायरे तक ही सीमित है। आने वाले वक्त में सभी पर सौर ऊर्जा प्लांट लगें और गौशालाओं को बिजली के मामले में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इतना ही नहीं गौशालाओं में गोबर और गौमूत्र के साथ साथ में बेहतर नस्ल की बछड़ियों को किसानों और गौ पालकों को बेचकर धन जुटाने के साथ ही कई कदम वित्तीय तौर पर उन्हें मजबूत करने की मुहिम चलाई जा रही है।

### शेड लगाने के लिए दस लाख की राशि

गौशालाओं में शेड लगाने के लिए राज्य सरकार और गो सेवा आयोग की ओर से दस लाख रुपये दिए जा रहे हैं. अभी तक 51 की डिमांड पर मंजूरी दे दी गई है। पिछले पांच साल 21 अगस्त 2020 से हरियाणा गौ सेवा आयोग की कमान संभाल रहे श्रवण गर्ग का कहना है कि यह सच्चाई है राज्य की नायब सैनी सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कारण राज्यभर की गौशालाओं के पास में अब पैसे की कोई कमी नहीं हैं। भाजपा की सरकार से पहले राज्य के अंदर मात्र 215 गौशालाएं थीं और इनका बजट केवल मात्र एक करोड़ 75 लाख रुपये था 2025 की बात करें, तो 688 पंजीकृतक गौशालाएं व चार लाख से ज्यादा गोधन हैं।

---

अब बिहार की बारी, हरियाणा की माटी से भी जाएंगे भाजपा नेता

10 दिनों तक बिहार प्रवास पर रहेंगे बीजेपी एससी मोर्चा के नेता

# बिहार चुनाव को लेकर तैयारी एससी मोर्चा संभालेगा कमान

**चंडीगढ़।** भाजपा का अब बिहार विधानसभा चुनाव पर फोकस है। भाजपा ने एससी मोर्चा के नेताओं को बिहार प्रवास की जिम्मेदारी दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के दिशा निर्देशानुसार एससी मोर्चा की 12 सदस्यीय टीम 10 दिनों तक एससी बाहुल्य विधानसभाओं में प्रवास करेगी। इस बाबत एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता ने टीम के सदस्यों की लिस्ट भी जारी कर दी है।एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में पूर्व मंत्री बनवारी लाल, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधायक सरिता नारायण, चेयरमैन कप्तान सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राज कुमार कटारिया, एससी मोर्चा सचिव कमल निम्बल, एससी मोर्चा सचिव भारत भूषण, एससी मोर्चा सचिव अजय कुंडिया, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम अर्वा, एससी मोर्चा सचिव दिनेश शास्त्री बिहार प्रवास पर रहेंगे।

### पदाधिकारी मोदी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करेंगे



सत्य प्रकाश जरावता

एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता ने बताया कि एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के नेतृत्व में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान से एससी मोर्चा के नेता बिहार की एससी विधानसभाओं में प्रवास करेंगे। प्रवास के दौरान सभी पदाधिकारी व नेता मोदी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करेंगे। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के साथ सीधा संवाद कर भाजपा की रीति नीतियों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही समाज का भला कर सकती है। केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं चलाकर समाज को संबल दिया है।

### बिहार की कई अहम विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे पदाधिकारी

सत्य प्रकाश जरावता ने बताया कि जिन-जिन विधानसभाओं में प्रवास का दायित्व हमें मिला है वहां धरातल पर जाकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान बिहार के लोगों को बताया जाएगा कि भाजपा सरकार ही एससी समाज की सही मायने में हितैषी सरकार है। जरावता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने एससी समाज के लोगों के लिए अनेकों नीतियां और योजनाएं बनाई हैं। इन योजनाओं का लाभ एससी समाज के लोगों को मिल रहा है। भाजपा सरकार एससी समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रवास के दौरान एससी मोर्चा के सभी नेता मोदी की उपलब्धियां गिनाएंगें।

रोहतक
सोमवार, 22 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 233
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00



# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 22.3

नवरात्र की मंगलकामनाएं



## खबर संक्षेप

### दिल्ली : मोबाइल ऐप से आवारा कुत्तों का प्रबंधन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज (केएमसी) और 'स्टेपॉजिटिव ट्रस्ट' ने आवारा कुत्तों का दस्तावेजीकरण और निगरानी करने के लिए संयुक्त रूप से रविवार को मोबाइल एप्लीकेशन शुरू की। यह 'ऐप' आवारा कुत्तों का दस्तावेजीकरण और निगरानी करने में मदद करेगा, जिससे वास्तविक समय पर ट्रैकिंग में मदद मिलेगी।

### कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने दी फलस्तीन को मान्यता

**टोरंटो।** कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका के विरोध के बावजूद रविवार को फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी। तीनों देशों ने इस उम्मीद के साथ फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी है कि यह कदम दो राष्ट्रों के समाधान के आधार पर शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। *एजेंसी*

### पंजाबी संगीतकार चरणजीत का निधन

**चंडीगढ़।** जाने-माने पंजाबी संगीतकार चरणजीत आहूजा का रविवार शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 72 साल के थे। आहूजा ने पंजाबी सिनेमा को कई हिट गाने दिए, जिनमें 'की बनू दुनियां दा' (1986), 'गबरू पंजाब दा' (1986) और 'दुश्मनी जट्टां दी' (1993) शामिल हैं। उन्होंने दिवंगत अमर सिंह चमकीला और गुरदास मान सहित कई प्रसिद्ध गायकों के साथ काम किया था। *एजेंसी*


## केंद्र सरकार ने आम आदमी को दी बड़ी राहत

### खाने-पीने से लेकर आम जरूरत की चीजें सस्ती

# शुभ नवरात्र...शुभ जीएसटी

# नागरिक देवो भव:

## आयकर व जीएसटी छूट से देशवासियों की जेब में करीब ढाई लाख करोड़ रुपया जाएगा, खरीद क्षमता और उत्पादन बढ़ेगा



### हर देशवासी का मुंह मीठा होगा

*देश में नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो गए है। जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। त्योहारों के मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। देश के हर परिवार में खुशियां बढ़ेंगी।*

***- नरेंद्र मोदी, पीएम***

## केवल वही खरीदें जिसमें देश का पसीना हो, गरीबों, नव मध्यम और मध्यम वर्ग के लिए 'डबल बोनांजा' : मोदी

### पीएम का जीएसटी रिफॉर्म पर देश के नाम संबोधन

### मोदी का आह्वान : स्वदेशी अपनाओ, फायदा उठाओ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नवरात्र से देश में जीएसटी उत्सव शुरू हो गया है। केंद्र सरकार ने आम से खास सभी को बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की। कहा- वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी मुहिम के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा।

(पेज 5 भी देखें)



*मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा। जीएसटी ने एक राष्ट्र, एक कर के सपने को साकार किया।*

- राज्यों से अपील स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें
- निवेश के लिए माहौल बनाएं
- केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा

### 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया

पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपए की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा।

### आपकी बचत बढ़ेगी, पसंद की चीजें खरीद पाएंगे

नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। एक तरह से कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे।

### संबोधन में ये 5 रहे मूलमंत्र

- ⏭ जीएसटी में दो स्लैब–सिर्फ 5 और 18 फीसदी
- ⏭ दवाइयां व जरूरी वस्तुएं सस्ती–कई को टैक्समुक्त श्रेणी में रखा गया
- ⏭ 12 लाख तक आय टैक्स फ्री मध्यम वर्ग को राहत
- ⏭ छोटे , मंझोले उद्योगों को फायदा, उत्पादन, रोजगार को बढ़ावा
- ⏭ स्वदेशी पर जोर – 'गर्व से कहो, मैं स्वदेशी खरीदता हूं'

### वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार हुआ

2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया।

### ऐतिहासिक कदम : सैनी

जीएसटी सुधार देश के आर्थिक इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण हैं। ये सुधार व्यापारियों को राहत देने, आम उपभोक्ताओं के जीवन को सरल बनाने, कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और वाणिज्यिक गतिविधियों में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए किए गए हैं। प्रदेश में 22 सितंबर से 15 अक्टूबर तक एक विशेष जीएसटी जागरूकता अभियान चलेगा।

*-नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री*

## सस्ते हुए साबुन, पाउडर, कॉफी डायपर, बिस्कुट, घी और तेल

देश में सोमवार से दो स्लैब 5% या 18% में जीएसटी लगेगा। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते हो जाएंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। इस कदम से आगामी त्योहारी सत्र, जो नवरात्रि के साथ शुरू होता है, के दौरान खपत में वृद्धि और बिक्री में उछाल आने की उम्मीद है। एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी 2.0 के लाभों को बिना किसी देरी के उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। इन कंपनियों ने 22 सितंबर से साबुन, शैम्पू, बेबी डायपर, मंजन, रेजर और आफ्टर-शेव लोशन सहित अपने उत्पादों की अधिकतम खुदरा मूल्य की संशोधित सूची जारी की है।

(पेज 4 भी देखें)

### होटल के कमरे सस्ते

#### ऐसे हुआ बदलाव

| सामान | पहले | अब |
|---|---|---|
| रोटी, पनीर, परांठा | 5% | 0% |
| घी, मक्खन | 12% | 5% |
| नुडल्स, पास्ता | 12% | 5% |
| चीनी, टॉफी, कैंडी | 12% | 5% |
| तंबाकू, पान मसाला | 28% | 40% |
| रिवाल्वर, पिस्तौल | 28% | 40% |
| कोयला | 5% | 8% |
| चीनी, टॉफी, कैंडी | 12% | 5% |

#### इनमें बदलाव नहीं

- **0% स्लैब-** ताजा फल-सब्जियां, दूध, खुला आटा, ब्रेड, रोटी, पराठा।
- **5% स्लैब-** इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) जैसे इलेक्ट्रिक कारें।
- **3% स्लैब-** सोना, चांदी, हीरा और महंगे पत्थर।
- **18% स्लैब-** इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स जो पहले से 18% में थे जैसे- मोबाइल, लैपटॉप व कंप्यूटर।

## एशिया कप : लगातार दूसरी बार हराया



# पाकिस्तान पर जीत का 'अभिषेक'

### चिर परिचित विरोधी को दी मात

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने रविवार रात को सुपर-4 के दूसरे मैच में पाकिस्तानियों को 6 विकेट से हराया। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध लगातार 7वां इंटरनेशनल मैच जीता है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में शाहीन अफरीदी की बॉल पर छक्का, फिर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। वे 19 बॉल पर 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। अभिषेक शर्मा ने 39 बॉल पर 74 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। अभिषेक ने शुभमन गिल (47 रन) के साथ 59 बॉल पर 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

- *सुपर-4 के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से दी करारी शिकस्त।*
- *पाक के विरुद्ध लगातार 7वें इंटरनेशनल मैच में जीत दर्ज की।*
- *मैच के हीरे रहे अभिषेक शर्मा, 39 गेंद में 74 रन बनाकर जीत दिलाई।*

### पाक ने 171 रन बनाए

टॉस हारकर बैटिंग कर रही पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला। भारत की शुरुआत अच्छी रही।

### शतकीय साझेदारी

अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बीच शतकीय साझेदारी हुई। नौवें ओवर में स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया।

### विस्फोटक शुरुआत

172 रन का टारगेट चेज रहे भारतीय ओपनर्स ने विस्फोटक शुरुआत की। अभिषेक व गिल ने पावरप्ले में 69 रन बनाए।

( विस्तृत पैकेज खेल पेज पर)

## प्रदेश में मजबूत होगा नेटवर्क

# 4,227 सड़कों पर खर्च होंगे 4,827 करोड़ रुपये



- *सीएम सैनी ने हिसार से प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना शुरू की*
- *9,410 किमी लंबी सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का होगा काम*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को प्रदेश में सड़क बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 4,827 करोड़ रुपये की लागत से 9,410 किलोमीटर लंबी 4,227 सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का कार्य किया जाएगा। हिसार में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह दिन हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।

### गांवों और शहरों के फासले कम होंगे

यह एक ऐसी परियोजना है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच के फासले को कम करेगी। प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक व व्यावसायिक धारा को और गति देगी। इस परियोजना के तहत 410 सड़कों की मरम्मत एवं सुधार कार्य का शुभारंभ किया गया है।

### 21 नए राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत

सीएम ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में 21 नए राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किए हैं। इनमें से 12 राजमार्ग बन चुके हैं। इनके बनने के बाद प्रदेश का कोई भी जिला ऐसा नहीं बचा है, जिसकी कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राजमार्ग से न हो।

## 30 से एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहें राज्य

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तैयार रहने को कहा है। आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्टूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अधिक स्पष्टता के लिए 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी।

**निर्वाचन आयोग ने सभी प्रदेशों को दिया निर्देश**

### अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें।




## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, मुझे मिलना चाहिए पुरस्कार

### व्यापार से रोका भारत और पाक के बीच संघर्ष

# लो जी, अब ट्रंप ने मांग लिया नोबेल 40वीं बार किया दावा, 7 युद्ध रुकवाए

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें ''सात युद्धों को समाप्त कराने'' के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में 'रात को देर तक चली' वार्ताओं के बाद भारत-पाकिस्तान 'पूर्ण और तत्काल' संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। तब से आज तक विभिन्न अवसरों पर ट्रंप अपनी कथित मध्यस्थता के दावे को 40 से अधिक बार दोहरा चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को 'सुलझाने में मदद की' है।

### थाईलैंड-कंबोडिया के बीच युद्ध रोका

ट्रंप ने शनिवार को 'अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टिट्यूट फाउंडर्स डिनर' के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, ''वैश्विक मंच पर हम एक बार फिर ऐसे काम कर रहे हैं, जिससे हमें उस स्तर का सम्मान मिल रहा है, जो पहले कभी नहीं मिला। हम शांति समझौते करा रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। तो हमने भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच युद्ध को रोका है।'' उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बारे में सोचिए, आप जानते हैं कि मैंने इसे कैसे रोका- व्यापार के जरिये।



भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश, उनमें मध्यस्ता करना जरूरी था

### 60% को व्यापार के कारण ही रोका जा सका

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, ''जरा देखिए, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसोवो-सर्बिया, इजराइल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया, रवांडा-कांगो, हमने इन देशों के बीच के संघर्ष को रोक दिया और इनमें से 60 प्रतिशत को व्यापार के कारण ही रोका जा सका।'' उन्होंने कहा, ''मैंने भारत से कहा था कि देखिए आप दोनों के पास परमाणु हथियार हैं।

### भारत ने पाक को सिखाया था सबक

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में छह-सात मई की दरमियानी रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष समाप्त करने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। भारतीय सेना ने इस दौरान पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम कर दिया था। इस बीच ट्रंप ने दावा किया था कि दोनों के बीच मैंने युद्ध विराम कराया है।

## नवरात्र पर विशेष



### प्रथम-शैलपुत्री

नवरात्रि के प्रथम दिन देवी दुर्गा की आराधना शैलपुत्री के रूप में की जाती है। शैलपुत्री देवी को पर्वतराज हिमवान की पुत्री के रूप में पूजा जाता है। देवी के शैलपुत्री स्वरूप को जगत माता भी कहा जाता है, इनका वाहन बैल है। पूर्वजन्म में शैलपुत्री ही दक्ष प्रजापति की कन्या सती थीं। पिता द्वारा भगवान शिव की उपेक्षा से क्रोधित होकर सती ने अपना शरीर हवन कुण्ड में समर्पित कर दिया था। बाद में जब सती ने राजा हिमवान के यहां जन्म लिया तो शैलपुत्री या पार्वती कहलाईं। मां शैलपुत्री का वाहन वृषभ है। अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करती है। नवरात्र पूजन में प्रथम दिन भक्त अपने मन को मूलाधार चंद्र में स्थित करते हैं और श्रद्धा भक्ति के साथ इनका पूजन करते हैं इस श्लोक का पाठ करते हैं-

*'वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम्॥'*

## 2 दिन बाद मानसून की विदाई, इस बार 80 प्रतिशत अधिक बारिश

# वातावरण में नमी 82 प्रतिशत तक, दिन में उमस तो अलसुबह सर्दी का अहसास करा रहा मौसम

### पिछले एक सप्ताह से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से मौसम खुश्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पिछले एक सप्ताह से जिले मे उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से मौसम खुश्क बना हुआ है। दिन व रात का तापमान लगातार सामान्य से ऊपर चल रहा है। शाम के समय उमस ने आमजन को परेशान कर दिया। वातावरण में नमी की मात्रा 57 प्रतिशत से लेकर 82 प्रतिशत तक रही। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। इन दिनों राते भी उमस भरी है, हलाकि देर रात और अलसुबह ठंडी हवाएं चलती है तो मौसम सुहाना हो जाता है। जिससे सर्दी के आगमन का अहसास होता है। हालात यह हैं कि दिन में भीषण गर्मी से जनजीवन ठप्प हो चला है तो देर रात को ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो जाता है। दिनभर बिजली के कटों ने भी लोगों को परेशान कर रखा है।



### रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 23 को होगी मानसून की विदाई

बता दें कि अगले दो दिन यानी 23 सितंबर तक मानसून की विदाई हो जाएगी। इस बार मानसून में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। जिले में 1 जून से 20 सितंबर तक 516.6 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि इस दौरान सामान्य तौर पर 287.8 एमएम बारिश होती है। इस बार बारिश 80 प्रतिशत अधिक हुई है। सितंबर माह की बात करें तो जिले में अभी तक 138.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है, जबकि सामान्य रूप में सितंबर में अभी तक 42.6 एमएम बारिश होनी चाहिए। अगर औसतन बारिश की तुलना करें तो यह 225 प्रतिशत अधिक हुई है।

### 25 तक हरियाणा में मौसम परिवर्तनशील रहेगा

*मानसून की वापसी लाइन भठिंडा, फतेहाबाद, पिलानी, अजमेर, दिसा, भुज तक पहुंच गई है। अगले दो-तीन दिनों में हरियाणा के कुछ अन्य क्षेत्रों से भी मानसून की वापसी की संभावना है। 25 सितंबर तक हरियाणा में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। -डॉ. एमएल खीचड़, एचएयू के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष*

### बदमाशों ने व्यक्ति के हाथ पर चाकू मारकर लूटा सोने का लॉकेट

**यमुनानगर।** गांव बलाचौर में दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाश व्यक्ति के हाथ पर चाकू मार उसके गले से सोने का लॉकेट लूट ले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची छछरौली पुलिस ने आसपास के इलाके में आरोपियों की तलाश की, पर उनका पता नहीं चला। बाद में पीड़ति के बयान पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली के आटा चक्की समीप रहने वाले संजीत कुमार ने बताया कि वह 20 सितंबर को काम से गांव बलाचौर गए थे। बाइक सवार दो युवक हाथ पर चाकू से वार कर गले से सोने का लॉकेट लूट ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप

### वारंट देने गए पुलिस कर्मियों से हाथापाई

**कैथल।** चीका पुलिस ने कल्लरमाजरा गांव में वारंट देने गई पुलिस पार्टी के साथ हाथापाई और धक्कामुक्की करने के आरोप में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चीका थाने में दी गई शिकायत में सिविल कोर्ट गुहला में बैलिफ (वारंट का कार्य देखने वाले) के पद पर तैनात गुलशन कुमार शर्मा ने बताया कि 20 सितंबर को वे कैनरा बैंक बनाम सुशील कुमार कंडीशनर वारंट की कार्रवाई के लिए वह कल्लरमाजरा गांव में पुलिसकर्मी मुकेश कुमार, विक्रमजीत सिंह व राजिंद्र कुमार भी मौके पर गए।

### डिटेक्टिव स्टाफ से हाथापाई, शीशे तोड़े

**जींद।** विकास नगर रेलवे पुल के निकट नशा बिक्री की सूचना पर पहुंचे डिटेक्टिव स्टाफ कर्मियों के साथ कुछ लोगों ने हाथापाई की और पथराव कर सरकारी गाड़ी का शीशा तोड़ डाला। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हाथापाई करने, दुव्यवहार करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

## लाडवा-यमुनानगर मार्ग पर हादसा: कट मारने से कार पेड़ से टकरा गई, 3 लोग घायल

# दोस्त की स्टंटबाजी ने ली इकलौते बेटे की जान

### 15 दिन पहले साइप्रस से आया था युवक, आज लौटना था

*कार पलटने से चारों युवक कार के अंदर बुरी तरह फंस गए, लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने इलाज के दौरान करीब 15 दिन पहले ही विदेश से लौटे युवक हर्षित को मृत घोषित कर दिया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

लाडवा-यमुनानगर मार्ग पर कार से स्टंटबाजी करने के दौरान कार पलटकर सड़क किनारे खादानों में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार युवकों में से एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य युवक घायल हो गए। मृतक युवक की पहचान हर्षित निवासी करनाल के तौर पर हुई है। कार पलटने से चारों युवक कार के अंदर बुरी तरह फंस गए, जिन्हें लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने इलाज के दौरान करीब 15 दिन पहले ही विदेश से लौटे युवक हर्षित को मृत घोषित कर दिया, अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसा शनिवार देर सांय का है। रविवार को हर्षित की वापस साइप्रस लौटने की फ्लाइट थी। उधर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है, साथ ही कार चला रहे युवक के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है।



कुरुक्षेत्र। हादसे के बाद घायलों को लेने के लिए पहुंची एम्बुलेंस। फोटो : हरिभूमि

### 15 दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आया था हर्षित



हर्षित पिछले साल जून-जुलाई में ही साइप्रस गया था। वह 15 दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने घर आया था। आज ही उसे वापस साइप्रस लौटना था, इसके लिए फ्लाइट की टिकट तक बुक थी। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। हर्षित की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिवार के इकलौते बेटे की मौत के कारण घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### ये न करें

- गाड़ी चलाते समय स्टंट बाजी न करें।
- शराब पीकर ड्राइविंग न करें।
- स्पीड का विशेष ध्यान दें
- ओवर टेक न करें

### कार ओवर स्पीड में चल रही थी

हर्षित घर का इकलौता बेटा था, वह अपने दोस्तों के साथ लाडवा जा रहा था। इसी दौरान मस्ती और स्टंट करने के लिए ड्राइवर सीट पर बैठे उसके दोस्त ने कार को स्पीड में भगाना शुरू कर दिया और स्टंट के लिए जिगजैग तरीके से चलाने लगा। लेकिन ये स्टंटबाजी तब उसे मंहगी पड़ी जब उसने अचानक कट मारा और कार बेकाबू होकर पहले सड़क किनारे जाकर पलट गई और फिर पेड़ से टकरा गई। लाडवा पुलिस को दी शिकायत में पारस निवासी करनाल ने बताया कि हम 4 दोस्त हर्षित, आर्यन मंढान निवासी हान्सू माजरा और शुभम निवासी गढ़ी साढान शनिवार की शाम एक साथ बैठे थे। आर्यन अपने चाचा की कार सियाज लेकर आया हुआ था। तभी हम सभी ने प्लान बनाया कि लाडवा घूमने के लिए जाते हैं।

### गाड़ी को जिगजैग तरीके से चलाना लगा

हम यमुनानगर-सहारनपुर रोड से होते लाडवा जाने लगे। आर्यन तेज स्पीड से कार चला रहा था। कार की पिछली सीट पर बैठे हर्षित और शुभम ने आर्यन को कई बार कहा कि इतनी स्पीड में गाड़ी मत चला लेकिन आर्यन ने किसी की भी नहीं सुनी, वो कार को और तेज भगाने लगा। पारस ने आगे बताया कि आर्यन कार को तेज स्पीड में ही चलाता रहा और हम यमुनानगर-सहारनपुर हाईवे पर बडौदा गांव के पास पहुंचे गए, लेकिन यहां आकर उसने तेज स्पीड के साथ गाड़ी को जिगजैग तरीके से भी चलाना शुरू कर दिया। अचानक से उसने कट मारा और गाड़ी सड़क किनारे जाकर पलट गई, साथ ही गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से भी जाकर टकरा गई। चारों लोग कार के अंदर बुरी तरह फंस गए। आसपास के गांव के लोगों ने किसी तरह हमें बाहर निकाला।

## लिव-इन में रह रहे युवक की हैवानियत

# पांच साल की बच्ची को फर्श पर पटककर मार डाला

### हत्या के बाद आरोपी कमरे को ताला लगाकर फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चांदपुर की ढाणी में लिव-इन में किराये के कमरे में रह रहे युवक ने साथ रहने वाली महिला की करीब पांच साल की बेटी को फर्श पर पटक-पटककर मार दिया। हत्या के बाद आरोपी कमरे को ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मकान मालिक की सूचना पर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बिहार के मोतीहारी जिले के गांव रघुनाथपुरा निवासी रोशन अपने पड़ोसी गांव दिलावलपुर की रहने वाली महिला कविता व उसकी करीब पांच साल की बेटी कुसुम को लेकर घर से फरार हो गया था। लगभग सात-आठ माह तक दोनों घर से फरार होने के बाद इधर-उधर घूमते रहे। करीब एक माह पहले वह चांदपुर की ढाणी में जनादेश के मकान में किराए का कमरा लेकर रहने लगे थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### बच्ची के रोने पर आवेश में आया रोशन

रोशन बाद में अपने कमरे पर आ गया। इसके बाद बच्ची ने उसके साथ मां नहीं आने पर रोना शुरू कर दिया, तो रोशन ने उसे डांटकर चुप कराने का प्रयास किया। बच्ची मां वापस नहीं आने के कारण रोने से चुप नहीं हुई। इसके बाद रोशन ने उसकी डंडे से पिटाई करने के बाद उसे फर्श पर पटक-पटककर मारना शुरू कर दिया। जब बच्ची ने दम तोड़ दिया तो रोशन कमरा बंद करके वहां से फरार हो गया।

### सोने का हार दिलाने को लेकर विवाद

गत 13 सितंबर को कविता ने रोशन से सोने का हार दिलाने की जिद की, तो रोशन उसे बाजार ले गया। बच्ची उस समय कमरे पर ही थी। पुलिस के अनुसार बाजार जाने के बाद रोशन ने कविता को बताया कि पैसे नहीं होने के कारण वह उसे हार नहीं दिला सकता। इसके बाद दोनों के बीच बाजार में ही विवाद हो गया। कविता रोशन से नाराज होकर रेलवे स्टेशन की ओर चली गई। रोशन ने उसे मनाने के काफी प्रयास किए, परंतु वह अपनी जिद पर अड़ी रही।

# कैथल: कार में लगी आग बाल-बाल बचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के जींद रोड चौक पर रविवार दोपहर को एक गाड़ी में अचानक आग लग गई। इस कार में एक परिवार के चार सदस्य मौजूद थे। गनीमत रही कि कार चालक ने समय रहते इंजन से निकल रहे धुएं को देख लिया और परिवार के सदस्यों को तुरंत गाड़ी रोककर नीचे उतार लिया। इसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। इस कार में सवार एक परिवार के सदस्य डबवाली से कैथल आ रहे थे। जैसे ही वे कैथल के नए बस स्टैंड के पास छोटू राम चौक के पाच पहुंचे तो अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। पास से जा रहे एक बाइक चालक ने गाड़ी को रोकने का इशारा किया और सभी को नीचे उतरने के लिए कहा। वे तुरंत गाड़ी रोककर नीचे उतर गए। कार चालक डबवाली निवासी कमलजीत सिंह ने बताया कि आग लगने से पहले वे कैथल से करीब 10 किलोमीटर पीछे एक पेट्रोल पंप पर भी रुके थे।

# कनाडा भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, मोहाली से धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर व आर्थिक अपराधों पर कड़ी निगरानी रखते हुए थाना जाखल पुलिस ने वीजा फ्रॉड के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। कनाडा भेजने का सपना दिखाकर युवक से 8.57 लाख की ठगी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस टीम ने मोहाली, पंजाब से गिरफ्तार किया है। सक्सेस फ्यूचर वीजा कंसलटेंट के नाम से चल रहे इस फ्रॉड नेटवर्क की असलियत अब सलाखों के पीछे है। थाना जाखल पुलिस की टीम ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान जितेंद्र सिंह, पुत्र सुखदेव सिंह व पिंकी पत्नी जितेंद्र सिंह निवासी फिरोजपुर में मोहाली स्थित सक्सेस फ्यूचर वीजा कंसलटेंट के तौर पर हुई है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में वीजा के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी दम्पति।

## परिजन शवों को घर ले गए, अंतिम दर्शन के दौरान खुलासा

# पानीपत सिविल अस्पताल में बदले शव

### सिविल अस्पताल प्रशासन ने अपनी गलती मानने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में रविवार को दो शव बदल गए। पानीपत के गांव महावटी निवासी 25 वर्षीय अंकुश पुत्र सतपाल की शनिवार रात को गांव शिमला गुजरान के पास बाइक सांड से टकरा गई थी। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने अंकुश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद पंचनामा भर अंकुश के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। इधर, रविवार को पुलिस ने अंकुश के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर, रविवार की सुबह गांव इसराना निवासी अमरजीत की गांव नौल्था की गोशाला के पास ट्राले की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। इधर, रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के पहले सिविल अस्पताल प्रशासन ने अंकुश के शव की पहचान कराई तो चेहरे पर चोट के कारण वह शव को सही से पहचान नहीं पाए। जिसके बाद उन्होंने अमरजीत के शव को अंकुश का शव बताया। डॉक्टरों ने अंकुश के नाम का पंचनामा भर अमरजीत के शव का पोस्टमॉर्टम कर उन्हें शव सौंप दिया। वहीं दोपहर को परिजन अंकुश के शव को लेकर महावटी गांव चले गए। जब परिवार वालों ने अंतिम बार शव को देखने लगे तो सभी हैरान हो गए और उन्होंने शव को किसी और का बताया।

### परिजनों ने शवों की गलत पहचान की : एसएमओ

परिजन वापस शव को सिविल अस्पताल में लेकर आए। यहां अमरजीत के परिवार पहले से खड़े थे। शव को अमरजीत के परिवार को दिखाया। इसे अमरजीत के स्वजन को दे दिया गया। दूसरी ओर, सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि सिविल अस्पताल प्रशासन के स्तर पर शव नहीं बदले गए हैं। परिजनों ने ही शवों की गलत पहचान की थी। परिजनों ने जिसकी पहचान की थी, उन्होंने उसी का पोस्टमॉर्टम किया था।

# पुलिस ने मारा छापा, 353 किग्रा बम पटाखे बरामद

### रिहायशी इलाके मे गोदाम छुपाए हुए थे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डिटेक्टिव स्टाफ ने शर्मा नगर में एक गोदाम पर छापेमारी कर 353 किलोग्राम बम व पटाखे बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गोदाम मालिक के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भूपेंद्र नगर निवासी सुनील ने भिवानी रोड पर शर्मा नगर रिहायशी क्षेत्र में अपना गोदाम बनाया हुआ है। जिसमे उसने बम व पटाखों का भंडारण किया हुआ है। रिहायशी इलाके में विस्फोटक सामग्री का भंडारण करना कानून जुर्म है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

सूचना के आधार पर डिटेक्टिव स्टाफ ने शर्मा नगर मे बने गोदाम पर छापेमारी सुनील को काबू कर लिया। जब गोदाम की तलाशी ली गई तो वहां पर काफी मात्रा मे बम व पटाखे बरामद हुए। जिनका वजन 353 किलो 500 ग्राम पाया गया। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने गोदाम मालिक सुनील के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## प्रवचन | संत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने भिवानी के दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाया

### ताराचंद महाराज के 101 वें अवतरण दिवस के अवसर पर सत्संग

# परमसंत ताराचंद जी साक्षात परमात्मा के रूप थे, वे करनी के धनी व पूरा जीवन तप त्याग सेवा में बिताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

संत परमात्मा का हुकनामा लेकर इस धरा पर देह धारते हैं। संतो का मुख्य ध्येय जीवो को काल जाल से मुक्त करा के उनको निजधाम में ले जाना होता है। अगर सरल शब्दों में कहूं तो परमसंत ताराचंद जी साक्षात परमात्मा के रूप थे। निश्चित रूप से वो कलयुग के मर्यादा पुरुषोतम थे। वो किताबी शिक्षा की दृष्टि से बेशक अनपढ़ हो लेकिन परा विद्या के धनी थे। यह सत्संग वचन परम संत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने अपने गुरु कुल मालिक ताराचंद महाराज के 101 वें अवतरण दिवस के अवसर पर दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में लाखों की संख्या में उमड़ी संगत को फरमाए।





भिवानी। सत्संग में प्रवचन देते एवं रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते कंवर साहेब जी महाराज।

हुजूर कंवर साहेब ने अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि सभी संत एक ही घर से आते हैं। सबकी एक ही शिक्षा है कि कमा कर खाओ। पर धन पर त्रिया से नेह ना लगाओ। हुजूर ताराचंद का ज्ञान उनके व्यवहार में झलकता था। जिन हालातों में उन्होंने देह धारी उन हालातों में सामान्य जीव जहां जीवन की मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे थे उन परिस्थितियों में उन्होंने ना सिर्फ भक्ति का पौधा लगाया बल्कि उस पौधे को विशालकाय उपवन में तब्दील भी कर दिया। परमसंत ताराचंद जी पूर्ण संत थे। करनी के धनी थे। उन्होंने पूरा जीवन तप त्याग सेवा के साथ जिया।

### जीवन परिचय ताराचंद महाराज

परमसंत ताराचंद महाराज का 101वां अवतरण दिवस मनाया गया। दिनोद गांव में 16 अगस्त 1925 को जो देसी कैलेंडर के अनुसार आसौज मास की अमावस्या थी उन्होंने चौ मूलाराम मलहान के घर माता चावली देवी की कोख से देह धारी। आलौकिक बालक का नाम ताराचंद रखा गया जो कालांतर में इस जगत में परमसंत ताराचंद महाराज के रूप में विख्यात हुआ। राधास्वामी आश्रम दिनोद की संगत उनको बड़े महाराज के आदर भाव से भी पुकारती है।

### 202यूनिट रक्त एकत्र

परमसंत ताराचंद के 101वें अवतरण दिवस पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें एम्स बाढ़सा झज्जर और सिविल हस्पताल भिवानी की अलग अलग टीमों के लिए अलग अलग 101 - 101 यूनिट रक्त का दान किया गया। इस अवसर पर हुजूर महाराज ने कहा कि रक्त दान महादान है। आपका रक्त किसी की जान बचाने का कार्य करता है। रक्तदान में परोपकार और परमार्थ दोनों होते हैं।

### नाम प्राप्ति की लगन थी

हुजूर महाराज को नाम प्राप्ति की इतनी लगन थी उसके लिए भूखे प्यासे एक गुरु से दूसरे गुरु तक जाते रहे। उनकी प्यास अंततः जुई गांव के संत रामसिंह अरमान साहब के दर पर पूरी हुई। अरमान साहब को भी प्रथम दृष्टि में ही यह आभास हो गया था कि यह साधक साक्षात उनके गुरु महर्षि शिवव्रत लाल जी की मौज धार है जो उन्होंने स्वयं ही भेजी है।

## ड्रोन योद्धा पाठ्यक्रमों में 45 कर्मियों के पहले बैच को प्रशिक्षित किया

# नई चुनौतियों से निपटने के लिए ड्रोन युद्ध का प्रशिक्षण लेकर बीएसएफ जवान बनेंगे 'योद्धा'

*बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है।*

एजेंसी ▶▶ टेकनपुर

युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों को कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बीच बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है। ग्वालियर के निकट टेकनपुर में 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ने रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी) के साथ मिलकर ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है। रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत अर्धसैनिक बल द्वारा संचालित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है।


सालाना लगभग 500 कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ेगी

ड्रोन कमांडो पाठ्यक्रम जवानों और कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए है



### आईआईटी और अनुसंधान संगठनों से समझौता

निदेशक शमशेर अधिकारी सिंह ने कहा कि बीएसएफ अपने विभिन्न शस्त्र एवं इंजीनियरिंग कार्यशालाओं, केंद्रों, आरजेआईटी और संबद्ध संस्थानों को एक मंच पर लाया है। सीमा बल में ड्रोन तकनीक के सामरिक उपयोग का रोडमैप तैयार करने के लिए विभिन्न आईआईटी और सरकारी अनुसंधान संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा बीएसएफ अकादमी ने आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विशेषज्ञ अधिकारियों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों की भागीदारी से एक पुलिस प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र भी बनाया है। यह केंद्र 48 चिन्हित समस्याओं पर काम करेगा। इसमें ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, निगरानी और स्मार्ट मोबिलिटी पर काम होगा।


Muthoot Finance
गोल्ड लोन
तुरंत गोल्ड लोन
7-स्तरीय सुरक्षा
आकर्षक ब्याज दर
ऑनलाइन भुगतान की सुविधा
ग्राहकों को रेफर करें और जीतें शानदार इनाम^^
1800 313 1212
^^शर्तें लागू। https://www.muthootfinance.com/terms-and-condition.

## खबर संक्षेप

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप से मिलेंगे जेलेंस्की



**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का माहौल हमेशा से ही दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक हलचल का केंद्र रहा है। अगले हफ्ते जब दुनियाभर के नेता यहां जुटेंगे, तो सबकी नजरें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पर टिकी होंगी। इस बैठक को सिर्फ दो नेताओं की औपचारिक बातचीत नहीं, बल्कि रूस और पश्चिमी देशों के बीच गहराते टकराव के भविष्य का संकेत माना जा रहा है। जेलेंस्की ने इस मुलाकात की घोषणा ऐसे वक्त पर की, जब रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले तेज कर दिए हैं।

### 4 घंटे 23 मिनट तक चला ग्रहण, भारत में नहीं दिखा



**नई दिल्ली।** साल 2025 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण रविवार रात 11 बजे से शुरू हुआ। इसका समापन देर रात 3 बजकर 23 मिनट पर हुआ। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि लगभग 4 घंटे 23 मिनट रही। ग्रहण का सबसे प्रमुख समय या पीक टाइमिंग रात 1 बजकर 11 मिनट पर रही। दुनिया के अन्य हिस्सों में यह स्पष्ट रूप से नजर आया। विशेष रूप से यह ग्रहण ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, होबार्ट, न्यूजीलैंड के ऑकलैंड और वेलिंग्टन में दिखाई दिया।

## अमेरिका ने मौजूदा वीजा धारकों को दी बड़ी राहत

# सिर्फ नए आवेदकों के लिए नया एच-1बी वीजा शुल्क

*नए वीजा शुल्क को लेकर अफरा-तफरी के बीच ट्रंप प्रशासन ने दी सफाई*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है। उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। यह स्पष्टीकरण अमेरिका में काम कर रहे हजारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है, जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं, इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं।



- ट्रंप प्रशासन के स्पष्टीकरण से हजारों पेशेवरों की चिंता हुई दूर
- व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर बाले, राष्ट्रपति ने अमेरिकियों को प्राथमिकता देने का वादा किया था। यह उसी का परिणाम है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/वाशिंगटन

अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीजा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीजा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने बताया, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने का वादा किया था। यह समझदारी भरा कदम उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा, यह उन अमेरिकी व्यवसायों को भी निश्चितता प्रदान करता है जो वास्तव में हमारे महान देश में बेहद कुशल कामगारों को लाना चाहते हैं, लेकिन प्रणाली की गड़बड़ी के कारण उन्हें आगे नहीं आने दिया जा रहा है।

**व्हाइट हाउस के अधिकारी बोले**

### मौजूदा पर लागू नहीं होगा नियम

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकमुश्त है जो केवल नये आवेदन पर लागू होता है। 'यह केवल नए वीजा पर लागू होता है, नवीनीकरण या मौजूदा वीजा धारकों पर नहीं...। यूएससीआईएस निदेशक जोसेफ एडलो ने एक ज्ञापन में कहा कि ट्रंप की ओर से शुक्रवार को जारी की गई घोषणा केवल उन पर लागू होगी जो अब आवेदन करेंगे। यह घोषणा उन लोगों पर लागू नहीं होती है जो उद्घोषणा की प्रभावी तिथि से पहले दायर किये गये आवेदनों के लाभार्थी हैं, वर्तमान में स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थी हैं, या जिनके पास वैध रूप से जारी एच-1बी गैर-आप्रवासी वीजा हैं।

### अध्ययन से संबंधित पूछताछ में 46 फीसदी कमी

**ऐसा असर**

अमेरिका में अध्ययन करने के इच्छुक लोगों के पिछले एक वर्ष में पूछताछ करने में 46 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, जबकि पिछले दो वर्षों में कनाडा में अध्ययन से संबंधित पूछताछ में लगभग 75 प्रतिशत की कमी आई है। 'आईडीपी एजुकेशन' के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वर्ष 1969 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा स्थापित, आईडीपी एजुकेशन अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सेवाओं में एक वैश्विक अग्रणी संस्थान है जो छात्रों को विदेश में अध्ययन करने के उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। कंपनी ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे गंतव्यों के लिए पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय चयन, आवेदन जमा करने, वीजा प्रक्रिया और प्रस्थान-पूर्व योजना बनाने पर निःशुल्क विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करती है।

# भागवत बोले- आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकता भारत

अमेरिकी टैरिफ और एच-1बी वीजा पर जो जरूरी हो करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत ने अमेरिका के भारत पर बढ़ाए टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस पर कहा, 'भारत को इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो करना चाहिए, लेकिन हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते।' उन्होंने कहा- भारत और अन्य देशों के सामने आज जो समस्याएं हैं, वे पिछले 2 हजार सालों से अपनाई गई उस व्यवस्था का नतीजा हैं, जो विकास और सुख की खंडित दृष्टि पर आधारित रही है। इसलिए हमें अपनी राह खुद तय करनी होगी। आरएसएस चीफ ने कहा कि हम इन हालात से निकलने का रास्ता ढूंढ लेंगे, लेकिन भविष्य में कभी न कभी हमें फिर ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि इस खंडित दृष्टि में हमेशा 'मैं और बाकी दुनिया' या 'हम और वे' की सोच रहती है।



### अमेरिका की सोच है वह हर हाल में सुरक्षित रहे

भागवत ने कहा कि भारत को भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए विकास और प्रगति के सनातन दृष्टिकोण का पालन करते हुए अपना रास्ता खुद बनाना शुरू करना होगा। भागवत ने यह बात रविवार को दिल्ली में एक बुक लॉन्च कार्यक्रम में कहीं। भागवत ने किसी का नाम लिए बिना कहा- तीन साल पहले अमेरिका के एक प्रमुख व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। उन्होंने सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी और सहयोग की संभावनाओं पर बात की, लेकिन हर बार उन्होंने यही दोहराया कि 'बशर्ते अमेरिकी हितों की रक्षा हो।' लेकिन अगर भारत विश्वगुरु और विश्वामित्र बनना चाहता है, तो उसे अपने दृष्टिकोण के आधार पर अपना रास्ता खुद बनाना होगा।

## हिसार में पहली बार एयर शो

*सूर्य किरण टीम ने दिखाए करतब, हवा में दिल बनाया, आसमान में लहराया तिरंगा*



**हिसार।** एयरफोर्स की सूर्यकिरण टीम रविवार को एयरशो किया। यह एयरशो महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के ऊपर हुआ। इसकी शुरुआत में एयरफोर्स के 9 हॉक टी-1 जहाजों ने आसमान में उड़ान भरी और धुएं से तिरंगा बनाया। इसमें सबसे खास हवा में दिल बनाया, जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। उड़ान भरते हुए विमानों ने आसमान में कई करतब दिखाए। सेना का कहना है कि इस एयर शो का मकसद युवाओं को एयरफोर्स में भर्ती के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके मुख्य मेहमान के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी भी मौजूद हैं। उन्होंने भारतीय सेना और वीर जवानों के साहस की सराहना की।

## जजों को पैसों से नहीं न्याय से होनी चाहिए मोहब्बतः सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस बीआर गवई ने जजों और वकीलों को लेकर बड़ा बयान दिया। सीजेआई ने कहा कि जजों और वकीलों को एक-दूसरे से बेहतर नहीं समझना चाहिए। दोनों न्याय की सुनहरी चिड़िया के दो पंख हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी जज का व्यवहार गलत होगा, तो पूरी ज्यूडिशियरी की इमेज खराब हो सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दौरान भारत में प्रशासनिक न्यायाधिकरणों के कामकाज पर टिप्पणी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय न्यायाधिकरणों के कामकाज पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा कि अदालतों के विपरीत, इन न्यायाधिकरणों के कई सदस्य प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आते हैं, जबकि बड़ी संख्या में न्यायाधिकरणों के पास न्यायिक अनुभव भी होता है।

## एच-1बी वीजा मामले में खरगे के बयान पर रिजिजू का पलटवार

- केंद्रीय मंत्री ने पूर्व विदेश सचिव कंवल के बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष को दी नसीहत



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने एच-1बी वीजा पर अमेरिकी सख्ती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया था। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के बयानों का हवाला देते हुए रिजिजू ने कहा कि राजनीति के लिए पर्याप्त समय और स्थान है, लेकिन जब बात राष्ट्रीय हितों की आती है, तो सभी को मिलकर भारत के लिए बोलना चाहिए। खड़गे ने एच-1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के कड़े रुख का जिक्र करते हुए कहा था कि पीएम मोदी को ट्रंप से जन्मदिन के फोन कॉल के बाद 'उपहार' के रूप में यह मिला है। उन्होंने मोदी और ट्रंप की 'पुरानी दोस्ती' पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले मिलना' व 'खोखले नारे' विदेश नीति नहीं होते। खड़गे के अनुसार, विदेश नीति का मतलब राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना व संतुलन के साथ दोस्ती निभाना है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने जीएसटी सुधारों को चुनावी जुमला बताया



- सरकार पर लगाया जनता से भारी वसूली का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधार संबंधी राष्ट्र के नाम संबोधन पर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। खरगे ने इसे जनता को गुमराह करने वाला कदम बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 8 वर्षों में जीएसटी के नाम पर आम लोगों पर भारी बोझ डाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, "नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली। मोदी जी की सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग 9 स्लैब लागू किए और जनता पर 'गब्बर सिंह टैक्स' थोपा।"सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि पिछले 8 वर्षों में मोदी सरकार ने जीएसटी से 55 लाख करोड़ से ज़्यादा वसूले, जबकि अब "2.5 लाख करोड़ के बचत उत्सव" की घोषणा कर जनता को मामूली राहत देने की बात की जा रही है।

## श्रद्धा के साथ दी पितरों को विदाई....



**गया।** पितृ पक्ष के अन्तिम दिन आश्विन अमावस्या (पितृ विसर्जन) पर रविवार को लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने पूर्वजों का श्राद्ध पिंडदान किया। लोगों ने अपने पितरों को विदाई देकर उनसे घर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। अमावस्या पर गया की फाल्गु नदी सहित गंगा नदी व देश की अन्य सभी छोटी-बड़ी नदियों के घाटों पर पिंडदान किया गया।

## इजराइल के हमले में गाजा में 34 लोग मारे गए

**काहिरा।** गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल द्वारा यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया गया है। शिफा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी शामिल हैं। हमले जारी रहने के बीच, इजराइल ने गाजा सिटी में शरण लिये हुए हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है, जिसे वह मानवीय क्षेत्र कहता है। उसने इस सप्ताह दो दिनों के लिए शहर के दक्षिण में एक और गलियारा खोला है, ताकि अधिक लोग वहां से निकल सकें। फलस्तीनी लोग कार और पैदल गाजा सिटी से बाहर निकल रहे हैं।

## किसी की शादी कैंसिल, किसी की मां के निकले आंसू

# वीजा को लेकर ट्रंप के फैसले ने तोड़ा भारतीयों का दिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश में फंसे कई भारतीय एच-1बी होल्डर्स के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वीजा फीस 100,000 डॉलर करने का फैसला किसी बुरे सपने जैसा था। वीजा फीस की चौंकाने वाली घोषणा, जिसके बाद बड़ी टेक कंपनियों ने विदेश में अपने कर्मचारियों को एक दिन के भीतर वापस लौटने का निर्देश दिए।

ऐसे में उन्हें पारिवारिक कार्यक्रमों और लंबे समय से प्लान की गई यात्राओं को बीच में ही छोड़कर करीब के एयरपोर्ट पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाद में व्हाइट हाउस ने साफ किया कि कंपनियों को अमेरिका में फिर से दाखिल होने पर अपने एच-1बी वर्कर्स के लिए ज्यादा फीस देने की जरूरत नहीं होगी, जिससे कई लोगों को राहत मिली। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. कई अन्य एच-1बी वीजा होल्डर्स ने ट्रंप के शुक्रवार देर रात के ऐलान के बाद के घंटों को घबराहट और चिंता की भावना से भरा बताया।



ट्रंप के फैसले से अफरा-तफरी

*कंपनियों ने फौरन वापस बुलाया*

### आदेश में स्पष्टता की भारी कमी

एक व्यक्ति ने बताया, यह एक यात्रा प्रतिबंध है! अगर किसी व्यक्ति के पासपोर्ट पर वैध एच-1बी वीजा लगा हो, तब भी अगर वह यात्रा कर रहा हो या छुट्टियों पर हो, तो आप अमेरिका में तब तक एंट्री नहीं मिल सकती जब तक उसके पास 100,000 डॉलर के भुगतान का सबूत न हो। कोई नहीं जानता कि प्रोसेस क्या है, बारीकियां क्या हैं। पूरी तरह से अफरा-तफरी मची हुई है। एक अन्य ने कहा, जो लोग एयरपोर्ट पर बोर्डिंग लाइनों में खड़े हैं, जो लोग कल अपनी शादी के लिए निकल रहे हैं, ऐसी ही चीजें। वे इसलिए यात्रा कैंसिल कर रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब क्या किया जाए। ट्रंप के ऐलान और आधिकारिक निर्देशों या स्पष्टता के अभाव के कारण परिवार कंफ्यूजन में रहे, जब तक कि ट्रंप प्रशासन की ओर से सफाई नहीं दी गई।

IndiGrid INDIA GRID TRUST ("IndiGrid")

"सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सोलर में रोमांचक करियर के अवसर - हमसे जुड़ें!"

6 और 7 अक्टूबर को दिल्ली और भोपाल में भर्ती अभियान

| बी यू | कार्य भूमिका | योग्यता | अनुभव | वेतन सीमा |
|---|---|---|---|---|
| सबस्टेशन | सबस्टेशन प्रभारी<br>रखरखाव इंजीनियर<br>शिफ्ट इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>बीई/बी .टेक<br>डिप्लोमा<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 7-10 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 12 लाख प्रतिवर्ष तक<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5 लाख प्रतिवर्ष तक<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| संचरण लाइन | लाइन मैनेजर<br>लाइन इंजीनियर<br>प्रमुख तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>बीई/बी .टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 5-9 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>7-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| सौर | विद्युत इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>आईटीआई | 5-8 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) | रखरखाव इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |

**साक्षात्कार निम्नानुसार निर्धारित है: दिन 1 (6 अक्टूबर) और दिन 2 (7 अक्टूबर)**

**दिन 1:** तकनीशियन, फिटर, लीड तकनीशियन (सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सौर)

**दिन 2:** शिफ्ट इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर, लाइन मैनेजर, लाइन इंजीनियर, इंजीनियर/सीनियर इंजीनियर-सोलर

**साक्षात्कार का समय:** सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक । **साक्षात्कार स्थल: (दिल्ली)**-इंडिग्रिड कार्यालय, पाँचवीं मंजिल, जेएमडी गैलेरिया, सोहना रोड-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018

**साक्षात्कार का समय:** सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक । **साक्षात्कार स्थल: (भोपाल)** - होटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज के पास, जोन-1, महाराणा, भोपाल, मध्य प्रदेश-462011

**कार्यस्थल** : पूरे भारत में। **रिज्यूमे साझा किए जाने के लिए ईमेल आईडी:** careers@indigrid.com (कृपया 3 अक्टूबर 2025 तक अपना बायोडाटा साझा करें)

# एच-1बी की मार और जीएसटी में राहत, बाजार की दिशा तय करेंगे ये फैक्टर

**खबर संक्षेप**

### आभूषण प्रदर्शनी में 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री



**मुंबई।** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने कहा कि चार दिन की भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी (जीजेएस-2025) - दिवाली संस्करण - में लगभग 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री हुई। 'जीजेएस का यह संस्करण वास्तव में हमारे उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के एच-1बी वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने, व्यापार वार्ता और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, निवेशक वैश्विक बाजारों के रुझान पर भी नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, बाजार शुक्रवार देर रात घोषित एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले पर प्रतिक्रिया देंगे। जबकि निर्यात पर निर्भर क्षेत्र पहले से ही शुल्क से संबंधित दबाव का सामना कर रहे हैं। व्यापार वार्ता चल रही है। ऐसे में इस संवेदनशील समय में यह कदम आईटी सेवा निर्यातकों पर और दबाव डाल सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार

## वैश्विक बाजारों के रुझान पर निवेशकों की रहेगी नजर

### आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ी

*भारत के 285 अरब डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए अपने सबसे बड़े आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका ने एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) तक बढ़ाने का फैसला किया है। आईटी कंपनियों के शीर्ष निकाय नासकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे 'ऑनशोर' परियोजना के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होगी। ऑनशोर परियोजना में संबंधित कंपनी के मुख्य परिचालन वाले क्षेत्र में रहकर सेवाएं देनी होती हैं। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा धारकों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं।*




### आईटी निर्यातकों की आय पर असर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'यह कदम (एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने का अमेरिकी फैसला) अमेरिकी ग्राहकों की लागत में भारी वृद्धि कर सकता है और भारतीय प्रौद्योगिकी प्रतिभा की मांग कम कर सकता है, जिससे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो जैसे बड़े आईटी निर्यातकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा।'

### व्यापार वार्ता के लिए उद्योग मंत्री जाएंगे अमेरिका

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल आपसी लाभकारी व्यापार समझौते पर जल्द से जल्द सहमति बनाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत करेगा। 16 सितंबर को भारत आए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों की टीम की पिछली यात्रा के दौरान, व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और इस संबंध में प्रयासों को और तेज करने का फैसला किया गया।

## मारुति ने अपनी कारों की कीमतों में की 1.29 लाख रुपए तक कटौती

# जीएसटी कटौती: नवरात्रि के पहले दिन से सस्ती होगी कारें, दोपहिया के घटेंगे दाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनियों...मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया सोमवार से अपनी कारों की कीमतें कम करने जा रही हैं। आज से नवरात्रि का शुभ त्योहार शुरू हो रहा है। इससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ दोपहिया वाहन कंपनियां भी 22 सितंबर से लागू नए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें कम करने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपनी कारों की कीमतों में 1.29 लाख रुपए तक की कटौती की है।

कंपनी ने दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहकों को चार पहिया वाहनों खरीदने में सुगमता के लिए अपनी छोटी कारों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने का भी फैसला किया है। प्रवेश-स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपए तक की कमी होगी, ऑल्टो के 10 की कीमत में 1,07,600 रुपए तक की कमी होगी। सेलेरियो की कीमत में 94,100 रुपए की कमी होगी। वैगन-आर की कीमत में 79,600 रुपए तक की कमी होगी और इग्निस की कीमत में 71,300 रुपए तक की कमी होगी।



### साउंड बार-पार्टी स्पीकर की बढ़ेगी बिक्री

टीवी उद्योग, जिसने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर) में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है। उद्योग



इस सप्ताह नवरात्रि से शुरू होने वाले त्योहारों के दौरान बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा विनिर्माताओं को उम्मीद है कि कम कीमतों से बचत होने पर उपभोक्ता अतिरिक्त सुविधाओं वाले बड़े स्क्रीन साइज वाले टीवी खरीदेंगे। सोनी, एलजी और पैनासोनिक जैसे प्रमुख टीवी कंपनियां 22 सितंबर, 2025 से कम अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) वाली नई मूल्य सूची लेकर आई हैं। इसके अलावा, विनिर्माताओं को उम्मीद है कि इससे साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी।

### स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी




प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी, बलेनो की कीमत में 86,100 रुपए तक की कमी, टूर एस की कीमत में 67,200 रुपए तक की कमी, डिजायर की कीमत में 87,700 रुपए तक की कमी, फ्रोंक्स की कीमत में 1,12,600 रुपए तक की कमी, ब्रेजा की कीमत में 1,12,700 रुपए तक की कमी, ग्रैंड विटारा की कीमत में 1.07 लाख रुपए तक की कमी होगी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, 'भारतीय बाजार में वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। भारत में प्रति 1,000 लोगों में सिर्फ 34 प्रतिशत के पास कार है, जो बहुत कम है। इसलिए बाजार का अगुवा होने के नाते, हम भारत में मोटर वाहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए यह पहल कर रहे हैं।'

### टीवी होगी ढाई से 85 हजार रुपए तक सस्ती

*माल एवं सेवा कर कटौती के बाद टेलीविजन निर्माता कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सकेगा। टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर शुल्क मौजूदा के 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपए के बीच कटौती की घोषणा की है, जीएसटी में 10 प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके।*



### 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी होंगे सस्ते

*सोनी इंडिया अपने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपए से 71,000 रुपए के बीच एमआरपी में कटौती कर रही है। इसने 43 इंच वाले ब्राविया 2 की कीमत 59,900 रुपए से घटाकर 54,900 रुपए और 55 इंच वाले ब्राविया 7 की कीमत 2.30 लाख रुपए से घटाकर 2.50 लाख रुपये कर दी है। इसी तरह, 98 इंच स्क्रीन साइज वाला इसका टॉप-एंड ब्राविया 5 मॉडल सोमवार से नौ लाख रुपए के मौजूदा मूल्य की तुलना में 8.29 लाख रुपए में मिलेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 43 इंच से 100 इंच स्क्रीन साइज वाले अपने टीवी सेट की कीमतों में 2,500 रुपए से 85,800 रुपए तक की कटौती की घोषणा की है। इसने 43 इंच स्क्रीन साइज वाले मॉडल की कीमत 30,990 रुपए से घटाकर 28,490 रुपए कर दी है। कंपनी ने 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन साइज वाले दो लोकप्रिय मॉडल की कीमत 3,400 रुपए कम कर दी है, जो अब क्रमशः 42,990 रुपये और 68,490 रुपए में मिलेंगे।*

# विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी एनटीपीसी




**नई दिल्ली।** घरेलू बिजली कंपनी एनटीपीसी अपनी भविष्य की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी इस समय स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 1975 में ताप बिजली संयंत्र के रूप में स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड (पूर्व में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड) ने अपनी क्षमता में वृद्धि की है और साथ ही वह ऊर्जा उत्पादन के नए तरीकों में भी विविधता लेकर आई है। एनटीपीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक की समूह के स्तर पर कोयला, गैस/तरल ईंधन, जल और सौर जैसे ईंधन स्रोतों के आधार पर 83,026 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। अपनी जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कंपनी भारत में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त उद्यम और अकेले दोनों तरीकों से परमाणु ऊर्ज संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।

**ई-नीलामी सूचना**

**स्टॉर्म प्रभावित लगभग 60,000 कि.ग्रा. स्ट्रक्चर आयरन मैटीरियल और जीपी शीट्स**

इच्छुक बोलीदाताओं को "प्रति कि.ग्रा." आधार पर "स्टॉर्म प्रभावित लगभग 60,000 कि.ग्रा. स्ट्रक्चर आयरन मैटीरियल और जीपी शीट्स" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. बैगपॉली इंटरनेशनल से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण गांव कोहंड, घरौंडा, करनाल, हरियाणा में 22.09.2025 से 30.09.2025 तक पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री साहिल शर्मा से 9053400246 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 01.10.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया 7011830975 पर श्री नितिन कुमार से सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

**नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय पांचवां तल, ऑफिस नं. 2, किंग्स मॉल, प्लॉट नं. 1बी1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, रोहिणी, सेक्टर-10, नई दिल्ली, दिल्ली-110085**

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 30.09.2025 है।**

**कार्यालय नगरपालिका, धारूहेडा**

**सार्वजनिक सूचना**

लाल डोरा / आबादी देह शहरी क्षेत्र धारूहेडा में सम्पति प्रमाण पत्र बारे।

इस नोटिस / इश्तिहार के माध्यम से सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर सर्वे के दौरान दर्ज प्रविष्टियों व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पत्र कमांक DULB/DMC-HQ-2024/142 दिनांक 12.03.2024 व पत्र क्रमांक DULB/CTP-II/2024/134 दिनांक 11.07.2024 द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नगरपालिका धारूहेडा द्वारा लाल डोरे / आबादी देह में स्थित सम्पतियों का सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना है जिससे संबंधित प्रारंभिक सूची का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है। जिसकी एक सूची नगरपालिका कार्यालय की ग्रहकर / सम्पत्तिकर शाखा में व एक सूची नगरपालिका कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। किन्तु अब निदेशालय की हिदायतोनुसार लाल डोरे में स्थित संम्पतियों के सम्पति प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व अंतिम सूचि प्रकाशित की जा रही है, जिसे कोई भी आमजन नगरपालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर उपस्थित होकर सूचि का अवलोकन कर सकता है, साथ ही यह सूचि नगरपालिका कार्यालय की वैबसाईट https://ulbharyana.gov.in/Dharuhera/840#! पर भी उपलब्ध है। जिस किसी आमजन को प्रकाशित सूची पर किसी प्रकार का एतराज या आपत्ति है तो वह अपने दस्तावेजो सहित प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर अन्दर अपना एतराज / आपत्ति लिखित में दस्तावेजो सहित नगरपालिका कार्यालय की ग्रहकर / सम्पतिकर शाखा में सुनवाई हेतु जमा करवा सकता है। नोटिस की समयावधि समाप्त होने उपरान्त किसी भी एतराज / आपत्ति पर कोई कार्यवाही अमल में नही लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी सम्पत्ति पर कोई दावा/आपत्ति ना आने की एवज में जारी की गई सम्पत्ति प्रमाण पत्र के संदर्भ में नगरपालिका कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

सम्पत्ति के स्वामित्व को सिद्ध करने हेतू शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकुला द्वारा जारी पत्र क्रमांक DULB/DMC-HQ-2024/142 दिनांक 12.03.2024 में दिये गए निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगे :-

- राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित दावेदार का शपथ पत्र, जिसमें आबादीदेह / लाल डोरा में स्वामित्व / कब्जा का स्पष्ट उल्लेख हो :-

1. पिछले 10 वर्षों का बिजली बिल ।
2. पिछले 10 वर्षों का पानी बिल।
3. सरकार द्वारा जारी किया गया दस्तावेज जैसे ईपआईसी ड्राइविंग लाईसैस, पासपोर्ट, जीएसटीर, पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि जिसमें पता सामिल हो।

- अधिकार के पिछले वर्षों का पता लगाने के आवश्यक दस्तावेज।

1. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के संम्पतिकर रसीदे।
2. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए निर्मित संरचना का प्रमाण पत्र।

- दावाकर्ता द्वारा प्रदान किये जाने वाले दस्तावेजो की वांछनीय सूचि निम्नलिखित है :-

1. बिकी विलेख / हस्तांतरण विलेख
2. हस्तांतरण विलेख / त्याग विलेख / मुक्ति विलेख/जमाबन्दी/फरद ।
3. राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेश।
4. रजिस्ट्ररी/बिकी विलेख।

नोट :- मूल मालिका की मृत्यु के मामले में उपयुक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ-साथ सक्षम राजस्व प्राधिकरण / सिविल अदालत से जारी कानूनी / सिविल अदालत से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

**कार्यालय नगरपालिका धारूहेडा**
**जिला रेवाड़ी।**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चांदी ने इस साल दिया 49% रिटर्न, गोल्ड शेयर बाजार को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अब तक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

### लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में चांदी

चीन में नीतियों में ढील, फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती, शुल्क अनिश्चितता और वैश्विक आपूर्ति में कमी सहित सहायक वृहद आर्थिक रुझानों के साथ, चांदी सुरक्षित निवेश और आर्थिक सुधार दोनों ही विषयों से लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में है।'

### 2029-30 तक 88 अरब रुपये का होगा ऑनलाइन बाजार

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार 18-22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2029-30 तक 85-88 अरब रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस बाजार को सुविधा, विश्वसनीयता और गति की बढ़ती शहरी मांग से समर्थन मिल रहा है।

### सात मूल्यवान कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख कर

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक या 0.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरीसमीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

**PUBLIC NOTICE**

**NISSAN MOTOR INDIA PVT. LTD.**

The present publication is being issued on behalf of M/s Nissan Motor India Private Limited **("NMIPL")** to state that **Elina Carzone (Elina Nissan)** has ceased to be an Authorised Display Center of NMIPL on 1st June 2025 at the following location -

- K.K. Tower, Near Abhay Sigh Chowk, Rewari - 123401, Haryana.

and has no right to accept any fresh bookings henceforth including the vehicles already available in the dealership stock.

It is further informed that NMIPL has no connection whatsoever with any fresh bookings offered at the aforementioned location by Elina Nissan. Any person or entity making any fresh bookings for selling Nissan vehicles or servicing the same with Elina Nissan at the above mentioned location will be doing so at their own risk with no claims against NMIPL.

This information is issued in the interest of General Public.

**K D COLLEGE OF EDUCATION**
**DHANI BHATOTHA, NARNAUL (MOHINDERGARH)-123029**
*Recognized by NCTE and Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari (Haryana)*

**APPLICATIONS INVITED**

**B.Ed:-** Principal- 01, Assistant Prof-09 (Pedagogy of Maths-01, Pedagogy of Physical Science 01, Pedagogy of Social Science-01, Pedagogy of Economics-01, Pedagogy of Commerce-01, Pedagogy of Hindi-01, Pedagogy of English-01, Pedagogy of Biological Science-01, Pedagogy of Sanskrit -01), Health & Physical Education-01, FineArts-01
**Non-Teaching:** Librarian-01, Office Manager/Head Clerk-01, Office Assistant-cum-Computer Operator/Data Entry Operator-01, Office-cum-Account-Assistant/Clerk-01, Store Keeper-01, Technical Assistant-01, Lab.Assistant-01,Lab.Attendant-01, Helper/Support Staff -01.

Interested candidates may send their application along with passport size photo copies of all testimonial to the undersigned within 21 days. Candidates must send one copy of the same to the Dean of Colleges IGU, Meerpur, Rewari. Along with application processing fee of Rs.-1000/- (only teaching staff) through cash receipt & D.D in favor of Registrar, IGU, Meerpur, Rewari.
**Qualification & Pay Scale:-** As per State Govt./ NCTE/IGU, Meerpur, Rewari.

**Email-kdcollegedhani@gmail.com**
**Mob. N0-8222888161, 8222888165**
**CHAIRMAN**

**MVD COLLEGE OF EDUCATION**
**NANGAL MUNDI, (REWARI)**
*Recognized by NCTE and Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari (Haryana)*

**APPLICATIONS INVITED**

**B.Ed:-** Principal- 01, Perspectives in Education- 04, Assistant Prof-09 (Pedagogy of Maths-01, Pedagogy of Physical Science 01, Pedagogy of Social Science-01, Pedagogy of Economics-01, Pedagogy of Commerce-01, Pedagogy of Hindi-01, Pedagogy of English-01, Pedagogy of Biological Science-01, Pedagogy of Sanskrit -01), Health & Physical Education-01, FineArts-01
**Non-Teaching:** Librarian-01, Office Manager/Head Clerk-01, Office Assistant-cum-Computer Operator/Data Entry Operator-01, Office-cum-Account-Assistant/Clerk-01, Store Keeper-01, Technical Assistant-01, Lab.Assistant-01,Lab.Attendant-01, Helper/Support Staff-01

Interested candidates may send their application along with passport size photo copies of all testimonial to the undersigned within 21 days. Candidates must send one copy of the same to the Dean of Colleges IGU, Meerpur, Rewari. Along with application processing fee of Rs.-1000/-(only teaching staff) through cash receipt & D.D in favor of Registrar, IGU, Meerpur, Rewari.
**Qualification & Pay Scale:-** As per State Govt./ NCTE/IGU, Meerpur, Rewari.

**Email-mvdcoe@gmail.com**
**Mob. No. 8222888161, 8222888169**
**CHAIRMAN**

## राशिफल


**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।


**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा


**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।


**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।


**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती



**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।


**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि


**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5996



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5995 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| य | ह | ■ | ■ | म | ■ | य | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |



# 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ महाराष्ट्र अमीरी में सबसे ऊपर

## आमची मुंबई दौलत के मामले में सबसे अव्वल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में सबसे ऊपर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है।

यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। इसके अनुसार राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है।

**अग्रणी धन सृजन केंद्र बना**

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपए या उससे अधिक है।

### मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट में खुलासा

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की जीएसडीपी ने आगे किया



**भारत में 8,71,700 करोड़पति परिवार**

पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

**मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार**

शहरों की बात की जाए तो मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद कहते हैं,एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल दिखाता है कि कैसे धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक पहुंच रहा है।

**दौलत के मामले में दिल्ली मालामाल**

भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 करोड़पति परिवारों के साथ उसके करीब है। पश्चिम बंगाल 50,400 परिवारों के साथ, राजस्थान 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। ये सभी राज्य मिलकर भारत के संपत्ति के नक्शे को आकार देने वाले आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक**


भारत का सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,531,518 करोड़ रुपए रही है। बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,055,847 करोड़ रुपए थी।

---

## खबर संक्षेप

### हिंदुओं को बांटने की कोशिश कर रहीं ममता

**कोलकाता।** बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-



अपनी तैयारी तेज कर दी है। बंगाल में विपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को सीएम ममता बेनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।

### अभिनेता मोहनलाल ने मां से लिया आशीर्वाद

**चेन्नई।** मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की



घोषणा के बाद से ही उनके फैंस के बीच खुशी की लहर है। मोहनलाल मां का आशीर्वाद लेने के लिए कोच्चि में अपने घर पहुंचे। कोच्चि एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया को भी संबोधित किया। कुंदनूर में फ्लैट में जाने से पहले आशीर्वाद लिया।

### कानपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में चूहे

**कानपुर।** कानपुर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली के लिए उड़ान



भरने की तैयारी कर रहे विमान के अंदर अचानक चूहे के दिखाई देने की सूचना मिली। बताया गया कि दिल्ली से कानपुर एयरपोर्ट पर दोपहर 2:10 बजे फ्लाइट पहुंची थी और 2:50 बजे उसे दिल्ली के लिए रवाना होना था।

### सीएम ममता ने दुर्गा पूजा संस्करण का उद्घाटन किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मुखपत्र 'जागो बांग्ला' के दुर्गा पूजा



संस्करण का उद्घाटन करते हुए दुर्गा पूजा गीत 'जागो दुर्गा' गाया है। श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा सोमवार से मैं देवी की मूर्तियों का भी अनावरण करूंगी।

---

### जीएसटी स्लैब कम करने पर दिग्गजों ने जताया पीएम मोदी का आभार

# जीएसटी सुधार से हर वर्ग को होगा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएं टैक्स कटौती का 'लाभ'

## केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कटौती की सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से अपील की है कि 22 सितंबर से लागू होने जा रहे जीएसटी सुधारों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। टैक्स कटौती का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचना चाहिए। अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे। इसके अलावा सरकार ने कई उत्पादों पर टैक्स कम किया है, जिसका सीधा फायदा आम लोगों को 22 सितंबर से मिलेगा।

वहीं, सिन और लग्जरी गुड्स पर सरकार ने 40 प्रतिशत टैक्स तय किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि सुनिश्चित करें कि टैक्स कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। इससे उद्योग जगत को भी लाभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। इसके तहत नई लॉजिस्टिक्स नीति, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योगों पर अनुपालन का बोझ कम करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे



**उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें की**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने भी उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें कीं, ताकि जीएसटी परिषद द्वारा घोषित दरों में कटौती को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उद्योगों के बीच इस बात पर सहमति बन गई है कि टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक जरूर पहुंचाया जाएगा।

**ग्राहकों तक पहुंचने लगा लाभ**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर जैसे कुछ उद्योग पहले ही टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज कई देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते करना चाहते हैं, जिससे व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने व्यवसायों को निर्देश दिया था कि वे कारों और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं जैसी चीजों की अस्थायी मूल्य सूची प्रदर्शित करें, ताकि ग्राहक समझ सकें कि जीएसटी सुधारों के बाद कीमतों में कितनी कमी आई है।

**वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा**

### युवाओं को मिलेगा बड़ा फायदा रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे

केंद्र सरकार ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से युवाओं



के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। सरकार का मानना है कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और परिवारों व कारोबारियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। इन सुधारों में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।

**पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा**

टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए लकड़ी के विकल्पों पर भी जीएसटी घटाया गया है। भूसी के बोर्ड, जिप्सम बोर्ड, सीमेंट बॉन्डेड पार्टिकल बोर्ड, जूट पार्टिकल बोर्ड, बगास बोर्ड और सिसल फाइबर बोर्ड पर टैक्स घटा है। इससे एमएसएमई को समर्थन मिलेगा और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा।

**जिम और फिटनेस सेंटर पर जीएसटी 5 फीसदी**

फिटनेस और स्वास्थ्य सेवाओं को भी इस सुधार का लाभ मिलेगा। इसमे जीएसटी 5 फीसदी किया है।

**पीएम ने दिवाली का तोहफा दिया**

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जीएसटी काउंसिल की तरफ से नए



टैक्स स्लैब बनाने और दरों को कम करने पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से दिवाली का तोहफा बताया है। सीएम योगी का कहना है कि इससे आम आदमी को बहुत ही फायदा मिलेगा। इससे हर वर्ग लाभान्वित होगा।

**तनावपूर्ण संबंधों और वीजा पर करेंगे बात?**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा,क्या प्रधानमंत्री भारत-



अमेरिका के बीच बढ़ते तनावपूर्ण संबंधों पर बात करेंगे? क्या एच1बी वीजा धारकों की चिंताओं का समाधान करेंगे? क्या वह करोड़ों किसानों और श्रमिकों को कुछ आश्वासन देंगे।

**8 साल में लूटी गई रकम वापस करो: संजय**

पीएम मोदी ने गिनाए जीएसटी रिफॉर्म्स के फायदे तो आप ने निशाना साधा। संजय सिंह ने कहा कि 8 सालों में



जीएसटी के नाम पर देश की जनता से लूटे गए लाखों करोड़ रुपए जनता के खातों में वापस करो। स्विट्जरलैंड की घड़ी, जर्मनी का पेन, इटली का चश्मा, अमेरिका का फोन, विदेशी कार, हेलीकॉप्टर और विमान इस्तेमाल करने वाले मोदी जी आज स्वदेशी पर ज्ञान बांट रहे थे।

---

# लालू की बेटी रोहिणी ने तेजस्वी और राजद को किया अनफॉलो



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजनीति एक बार फिर लालू प्रसाद यादव परिवार की आंतरिक खींचतान की वजह से सुर्खियों में है। ताज़ा विवाद उनकी बेटी रोहिणी आचार्य को लेकर सामने आया है। उनकी बेटी ने तेजस्वी यादव, राजद और परिवार के अन्य सदस्यों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अनफॉलो कर दिया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं कि वे इस्तीफा दे सकती हैं। रोहिणी आचार्य का यह कदम राजद और यादव परिवार में गहरी उथल-पुथल का संकेत माना जा रहा है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि वह अगला कदम क्या उठाती हैं – क्या पार्टी लाइन से हटकर कोई बड़ा फैसला लेंगी या परिवार के भीतर सुलह की कोशिश होगी।

**खास बातें**

- लालू परिवार में बढ़ी आंतरिक कलह
- रोहिणी आचार्य के कदम से राजनीति में भूचाल

**विवाद की शुरुआत संजय को लेकर**

सूत्रों के मुताबिक, विवाद की शुरुआत तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव को लेकर हुई है। इसी मुद्दे पर रोहिणी और तेजस्वी के बीच रिश्ते तल्ख़ हुए हैं। शुक्रवार रात उन्होंने पिता लालू यादव की तस्वीर साझा करते हुए लिखा – "जो जान हथेली पर रखते हैं, बेख़ौफ़ी-बेबाकी उनके लहू में बहती है।" उन्होंने खुद को जिम्मेदार बेटी और बहन बताते हुए नाराज़गी जाहिर की थी। हालांकि, यह पोस्ट शनिवार सुबह अचानक हटा दिया गया और अकाउंट प्राइवेट कर लिया गया।

**अब सिर्फ बहन सहित केवल 61 लोगों को ही कर रहीं हैं फॉलो**

रोहिणी आचार्य ने अचानक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर राजद और परिवार के अधिकांश सदस्यों को अनफॉलो कर दिया है। उन्होंने अपना अकाउंट भी प्राइवेट कर लिया है। अब वह सिर्फ 61 लोगों को फ़ॉलो करती हैं, जिनमें परिवार से केवल उनकी बहन और पटना से सांसद मीसा भारती शामिल हैं। तेजस्वी यादव और अन्य रिश्तेदारों को अनफॉलो करने के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि रोहिणी संगठन से दूरी बना सकती हैं।

---

**पीएम आज अरुणाचल और त्रिपुरा जाएंगे**

# 5,100 करोड़ की देंगे सौगात विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का



दौरा करेंगे। वे अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में 5,100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएण अरुणाचल प्रदेश की अपार जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 3,700 करोड़ की दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी त्रिपुरा के उदयपुर स्थित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय की पीआरएएसएडी योजना के तहत पूरी की गई है। माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और त्रिपुरा के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। डिजाइन ऊपर से देखने पर कछुए की आकृति जैसा होगा।

**प्रमोद कृष्णम ने राहुल को घेरा**

# सबसे बड़े चोर राहुल के दिल में,डीयू चुनाव ने सबूत दिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा



पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिया और भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। इस बीच पूर्व कांग्रेसी नेता और कल्किधाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी को घेरा है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने राहुल गांधी को जवाब दे दिया है और असली चोर उनके दिल में बैठे हैं। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी दुनिया को सबसे बड़ा चोर बताते हैं, सच बात यह है कि सबसे बड़े चोर तो उनके दिल में बैठा है। सबसे बड़ा चोर तो राहुल के दिल में है। राहुल गांधी जी को अगर गिनाई जाए, तो हिसाब देना उनके लिए बड़ा मुश्किल है। जहां तक उनके नए एजेंडे का सवाल है, दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में उनको जवाब मिल गया, फिर भी वे नहीं मान रहे हैं।

**जुबीन को श्रद्धांजलि देती पत्नी गरिमा**




**गुवाहाटी।** दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग (सबसे दाएं) रविवार को गुवाहाटी स्थित अपने आवास पर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त करती हुई।

---

**केंद्रीय मंत्री प्रधान ने किया ऐलान**

# 11 वीं और 12 वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगी स्किल आधारित शिक्षा

**आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट में कहा**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यहां आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट 2025 में घोषणा की कि सरकार कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम में स्किल आधारित शिक्षा शामिल करने की योजना पर काम कर रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप की जा रही है। प्रधान ने कहा कि शिक्षा की परंपरागत प्रणाली केवल सर्टिफिकेट और डिग्री पर केंद्रित थी, जबकि अब छात्रों को योग्य और सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि



पीएम नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि हमें डिग्री और सर्टिफिकेशन दोनों चाहिए, लेकिन साथ ही छात्रों को सक्षम भी बनाना होगा। इस पहल से छात्रों में व्यावहारिक कौशल, समस्या सुलझाने की क्षमता और उद्योग-आधारित दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे उनका करियर और रोजगार की संभावनाएं बेहतर होंगी।

**आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल**

प्रधान ने बताया कि उनकी मंत्रालय कक्षा 6 से ही स्किल आधारित शिक्षा को शामिल करने पर काम कर रहा है। पहले यह शिक्षा वैकल्पिक थी, लेकिन अब इसे आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने एनईपी 2020 की एक मुख्य सिफारिश को उद्धृत करते हुए कहा कि स्किल आधारित शिक्षा के माध्यम से हम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और व्यावसायिक क्षमता से भी लैस करेंगे।

---

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 'नमो युवा रन' में की शिरकत**

# हम सभी फिट, समृद्ध, विकसित और नशामुक्त भारत बनाएं

**हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को 'नमो युवा रन' अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि इसका उद्देश्य फिट, समृद्ध और विकसित भारत बनाना है, जो नशामुक्त हो। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम एक घंटा स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए देना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर यह आयोजन राष्ट्रीय सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस मैराथन का संकल्प नशामुक्त भारत है। इसमें विभिन्न आयु वर्ग और क्षेत्रों से आए हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

### यह भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा



यह नमो युवा रन देशभर के कई शहरों में आयोजित की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 7 सितंबर को की थी। फिटनेस आइकन और सुपरमॉडल मिलिंद सोमण को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। 21 सितंबर को पूरे देश में एक साथ 100 रन आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक में कम से कम 10,000 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है और जो 2 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा।

**फडणवीस ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाई**

रविवार सुबह मुंबई के वर्ली स्थित कोस्टल रोड प्रोमेनेड पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मिलिंद सोमण ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस मौके पर भाजपा सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने भी भाग लिया।

**योगी ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत की परिकल्पना और स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा, जो पीएम मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित किया जा रहा है, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य पर विशेष जोर देता है।

## चिंतन

# भारत में नवाचार को रफ्तार देगा अमेरिका का फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत के साथ डबल गेम खेलने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं, उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हैं और दूसरी तरफ एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले ले रहे हैं। दो दिन पहले ही ट्रंप ने ईरान में भारत द्वारा बनाए जा रहे चाबहार पोर्ट पर 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को रद्द करने की घोषणा की है। यह फैसला 29 सितंबर 2025 से लागू होगा। भारत ने अभी तक वहां 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत इस पोर्ट के साथ एक आर्थिक क्षेत्र बनाने व अफगानिस्तान तक रेल नेटवर्क तैयार करने पर भी काम कर रहा है। इस परियोजना को पाकिस्तान में चीन की तरफ से निर्मित गवादर पोर्ट की तुलना में भारत की महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजना के तौर पर देखा जाता है। इस प्रोजेक्ट के साथ उज्बेकिस्तान, तुर्केमिनस्तान व यूएई जैसे देशों को जोड़ा जा रहा है, लेकिन अमेरिका का नया कदम पोर्ट परियोजना को लेकर अनिश्चितता पैदा कर देगा। अभी ये मामला ठंडा ही नहीं पड़ा था कि ट्रंप ने शुक्रवार को एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर की एनुअल फीस लगाकर उन्होंने फिर भारत को झटका दिया। इससे यह प्रोग्राम लगभग खत्म हो जाएगा। इससे भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। अमेरिका में एच-1बी वीजा की एवरेज एनुअल सैलरी 66,000 डॉलर है। यह कदम अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये को दर्शाता है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बातचीत धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रही थी। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच की टीम भारत दौरे पर थी। उनकी भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता सकारात्मक रही। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगले सप्ताह अमेरिका यात्रा पर जाने वाले हैं। वहां भारत-अमेरिकी व्यापार सरल बनाने पर चर्चा होनी है, लेकिन इससे पहले ही ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर भारत पर एक बार फिर दबाव बनाने की कोशिश की है। अगर आंकड़ों को देखें तो अमेरिका हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करता है, जिनमें से लगभग 75 फीसदी भारत को मिलते हैं। ट्रंप के इस फैसले का असर भारत के आईटी इंजीनियर, डॉक्टर्स पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि अब कोई भी कंपनी विदेशी कर्मचारियों को ट्रेनिंग नहीं देगी। अगर देगी तो सरकार को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) देने होंगे। फिर कर्मचारी को भुगतान करना होगा। ऐसे में यह आर्थिक रूप से सही नहीं है। अगर आप किसी को ट्रेनिंग देने जा रहे हैं तो आप अपने देश के बेहतरीन विश्वविद्यालयों से निकले हालिया ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देंगे। कहा गया है कि एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। इससे अमेरिकी नागरिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने से हतोत्साहित होते हैं, लेकिन ट्रंप ने सीधे-सीधे भारत को निशाने पर रखकर ये फैसला लिया है। वो किसी भी तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हैं। अनेक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्रंप का ये फैसला हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है। ग्लोबल टैलेंट प्रतिबंध लगाने से लैब, पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप भारतीय शहरों की ओर चले जाएंगे, जिससे अमेरिका का नुकसान व भारत को फायदा होगा। ये कदम भारत के नवाचार को गति देगा। अब समय है कि हम अपने देश में विकास को गति दें ताकि अगली पीढ़ी को काम के लिए देश छोड़कर बाहर न जाना पड़े।



वीजा टैरिफ
राज कुमार सिन्हा

# वीजा पॉलिसी से भारतीयों को नुकसान

> वीजा स्वीकृति की संख्या में गिरावट आ रही है। 2023 की तुलना में 2024-25 में भारतीयों को दी जाने वाली स्वीकृति की संख्या में लगभग 28 से 37% की गिरावट हुई है। पहले जितनी फ़ाइलें मंज़ूर हो रही थीं, अब उनमें कमी आ रही है। रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट हो रही है। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए एच-1बी वीज़ा के रजिस्ट्रेशन में भारी कमी आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवा को वित्तीय वर्ष 2026 में लगभग 3.58 लाख रजिस्ट्रेशन मिले, जबकि पिछले वर्षों में ये संख्या काफी ज्यादा थी। अमेरिका फर्स्ट" और एज-1बी पॉलिसी बदलावों का भारत पर गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि इसके सबसे बड़े लाभार्थी भारतीय ही रहे हैं।

भारतीयों को एच-1बी वीज़ा का बड़ा हिस्सा मिलता है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच, अमेरिका ने जितने भी एच-1बी वीज़ा जारी किए हैं, उनका लगभग 72.3% हिस्सा भारतीय नागरिकों को गया है। यानी यदि कुल 100 वीजा हों तो उनमें से लगभग 70-75 भारतीयों को मिलते हैं। वीजा स्वीकृति की संख्या में गिरावट आ रही है। 2023 की तुलना में 2024-25 में भारतीयों को दी जाने वाली स्वीकृति की संख्या में लगभग 28 से 37% की गिरावट हुई है। पहले जितनी फ़ाइलें मंजूर हो रही थीं, अब उनमें कमी आ रही है। रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट हो रही है। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए एच-1बी वीज़ा के रजिस्ट्रेशन में भारी कमी आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवा को वित्तीय वर्ष 2026 में लगभग 3.58 लाख रजिस्ट्रेशन मिले, जबकि पिछले वर्षों में ये संख्या काफी ज्यादा थी।

इससे यह संकेत मिलता है कि नए नियम और लागत (फीस) बढ़ने से आवेदन करने वालों की संख्या कम हो रही है। ये आंकड़े देखकर, निम्नलिखित अनुमान लगाए जा सकते हैं कि बदलाव से कितने भारतीय प्रभावित हो सकते हैं। वीजा फीस में बड़ा इज़ाफा वे कंपनियां और व्यक्ति जिनके पास वर्क प्रोवाइडर (नियोक्ता) कम संसाधन वाले हों, या जो शुरुआती स्तर पर हों तो आवेदन कम हो सकते हैं। विशेष रूप से वे जो हर साल आवेदन मास्टर्स डिग्री आदि के लिए करते हैं। चयन मिलने की संभावना कम होने से चयन में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। कानून और नियमों में सख्ती से छोटे-बड़े दोनों कंपनियों पर असर होगा, लेकिन छोटे एवं मध्य-स्तर की सेवाएं देने वाली कंपनियों पर असर ज़्यादा होगा और काम के अवसर कम हो सकते हैं। कुछ नियोक्ता शायद विदेशी कर्मचारियों की जगह स्थानीय भर्ती पर ध्यान देंगे। कुल कोटा या कंट्री कैप ( वीज़ा या आप्रवासन सीमा) में बदलाव उन भारतीयों को जो अभी आवेदन करने के लिए तैयार हैं, और जो वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, काफी संख्या में भारतीयों को वीज़ा नहीं मिल पाएंगी। वीजा पाने की संभावना और अधिक मुश्किल हो जाएगी। हर साल लगभग 85,000 एच-1बी वीजा का कैप है। इसमें 65,000 सामान्य और 20,000 मास्टर्स श्रेणी के हैं। भारतीयों को वर्तमान में लगभग 60,000 से अधिक वीजा प्रति वर्ष मिल रहा है। यदि स्वीकृति दर या आवेदन की संख्या में 30 से 40% की गिरावट आती है, तो लगभग 20,000-25,000 भारतीय आवेदनकर्ता सालाना प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि उन्हें वीज़ा नहीं मिल पाएगी। यदि फीस बहुत ज्यादा हो जाती है और कोटा या नियम बहुत सख़्त हो जाएं तो यह संख्या इससे भी ज्यादा हो सकती है अर्थात 30,000 से 40,000 भारतीय या उससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न देशों में कार्य कर रहे भारतीयों द्वारा भारत में भेजे जाने वाले रेमिटेंस (प्रवासी भारतीय द्वारा भेजा गया धन) लगभग 11.93 लाख करोड़ रुपये था। इसमें अकेले अमेरिका से वित्त वर्ष 2024-25 में प्रवासी भारतीयों द्वारा रेमिटेंस 3.30 लाख करोड़ रुपये भेजा गया है। भारत के लिए यह एक बड़ा स्रोत है क्योंकि प्रवासी भारतीयों की आय का एक हिस्सा रेमिटेंस के रूप में भारत भेजा जाता है। जानकारों का मानना है कि एच 1बी पॉलिसी में कड़ाई आने पर अमेरिका से भारत आने वाले रेमिटेंस में लगभग 33,000 से 49,500 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। अमेरिका में कई हाई-टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिभा की कमी रहती है। एच-1बी वीजा से उन्हें दुनिया भर (खासकर भारत, चीन) से कुशल इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और आईटी प्रोफेशनल्स मिलते हैं। वीजा पर आए लोगों ने अमेरिका के स्टार्टअप इकोसिस्टम और बड़ी टेक कंपनियों (जैसे गुगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन) में अहम भूमिका निभाई है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला दोनों ही भारतीय हैं और एच-1बी से ही शुरुआत की थी। अमेरिकी कंपनियों को सस्ते और योग्य कर्मचारी मिलते हैं, जिससे उनकी लागत घटती है और मुनाफ़ा बढ़ता है। ग्लोबल टैलेंट लाने से अमेरिकी कंपनियां नवाचार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आगे रहती है। अमेरिकी नागरिकों का एक वर्ग का कहना है कि एच-1बी वीजा के ज़रिए आने वाले प्रोफेशनल्स अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन लेते हैं। खासकर आईटी और प्रोग्रामिंग सेक्टर में स्थानीय कामगारों को प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। कई बार कंपनियां वीजा वर्कर्स को अपेक्षाकृत कम वेतन पर रख लेती हैं। इससे अमेरिकी कर्मचारियों की वेतन वृद्धि धीमी हो जाती है। भारतीय आईटी कंपनियां (इन्फोसिस, टीसीएस, वीप्रो आदि) बड़े पैमाने पर एच-1बी वीज़ा का इस्तेमाल करती हैं। अमेरिकी राजनीति में यह आरोप लगता है कि वे सस्ते लेबर लाकर अमेरिकी कर्मचारियों को दरकिनार करती हैं। अमेरिका के लिए एच-1बी वीजा दोधारी तलवार है। एक तरफ यह उसकी अर्थव्यवस्था और तकनीकी बढ़त को मज़बूत करता है। दूसरी तरफ यह स्थानीय अमेरिकी लोगों की नौकरी और वेतन से जुड़ी चिंताओं को जन्म देता है। इसलिए अमेरिकी सरकार अक्सर इसमें सुधार और बदलाव करती रहती है, जैसे लॉटरी सिस्टम, फीस



वृद्धि, सैलरी मानक, नियोक्ता पर पाबंदियां आदि। सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी चुनौतियां बढ़ती हैं। वीजा कर्मचारी को नियोक्ता पर निर्भर बना देता है। कभी-कभी इसका गलत फायदा उठाकर कंपनियां वर्कर्स से ज़्यादा काम लेती हैं या उनकी नौकरी की स्वतंत्रता सीमित कर देती हैं।

"अमेरिका फर्स्ट" की नीति के कारण एच-1बी वीज़ा को लगातार निशाने पर लिया गया है, क्योंकि इसे अमेरिकी नौकरियों के लिए खतरा बताया जाता है। लेकिन हकीकत में यह अमेरिका की टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए ज़रूरी भी है। इसलिए अमेरिका इसका संतुलित उपयोग करता है और पूरी तरह बंद नहीं करता, लेकिन कठोर नियम लाकर दिखाता है कि पहली प्राथमिकता अमेरिकी नागरिकों की नौकरी है। "अमेरिका फर्स्ट" और एज-1बी पॉलिसी बदलावों का भारत पर गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि इसके सबसे बड़े लाभार्थी भारतीय ही रहे हैं। भारत सरकार ने अमेरिका से बार-बार एच-1बी पॉलिसी पर भारतीय प्रोफेशनल्स को लेकर उदार रुख अपनाने की मांग की है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बिहार विस चुनाव
सुशील देव



# नई पार्टियों की एंट्री बदलेगी गणित या बढ़ाएगी कंफ्यूजन

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस बार की सबसे खास बात यह है कि कई नई राजनीतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। इससे न केवल राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं बल्कि मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति भी पैदा हो रही है। जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) चुनावी अखाड़े में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, वहीं इस बार नई पार्टियों की मौजूदगी ने पुराने दलों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है। नई पार्टियों में सबसे ज्यादा चर्चा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी की है जो इन दिनों बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। जन सुराज को लंबे समय तक देशभर की राजनीति में चुनावी रणनीतियों के लिए डिजाइन किया है। अब वे खुद अपनी पार्टी के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बिहार की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव-गांव जाकर संवाद, पदयात्रा और जनता से सीधे संपर्क के जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनकी राजनीति जाति और धर्म के बंधनों से परे होगी। यही वजह है कि जन सुराज पार्टी को इस बार 'गंभीर खिलाड़ी' माना जा रहा है। वहीं पुरानी राजनीति को चुनौती देने वाली स्थिति भी रोमांचक है। बिहार की राजनीति पिछले पांच दशकों से लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और दिवंगत रामविलास पासवान जैसे बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलती नजर आ रही है। दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और आजाद समाज पार्टी (चंद्रशेखर आजाद) भी सक्रिय हैं। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी और प्लूरल्स पार्टी (पुष्पम प्रिया चौधरी) जैसी पार्टियां भी वोट कटवा की भूमिका निभा चुकी हैं। इन नई पार्टियों की मौजूदगी से यह तय है कि पारंपरिक वोट बैंक पर सेंध लग सकती है। जातिगत राजनीति बनाम स्वच्छ राजनीति भी इन दिनों में बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। ध्यान रहे कि बिहार की राजनीति जातिगत समीकरणों से हमेशा प्रभावित रही है। इस बार भी कई छोटे दल ईबीसी (अति पिछड़ा वर्ग) और ओबीसी वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन का पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एआईएमआईएम जैसी पार्टियां उसी वर्ग को साधने की रणनीति बना रही हैं। दूसरी ओर एनडीए में भी पिछड़े वर्गों पर पकड़ बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती है। हालांकि, जन सुराज जैसी पार्टियां यह दावा कर रही हैं कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ राजनीति की नई शुरुआत करना चाहती हैं। यदि जनता ने इन दावों पर भरोसा किया तो यह बिहार की राजनीति के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने की तैयारी की है। भले ही राज्य में उसका कोई खास जनाधार न हो, लेकिन हर सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान करके उसने संदेश दिया है कि वह सिर्फ मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि सशक्त विकल्प बनने का प्रयास कर रही है। वहीं, चिराग पासवान भी इस बार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इससे न केवल एनडीए बल्कि महागठबंधन में भी असहजता है। जहां तक छोटे दलों की बात है, उनमें भी कई प्रकार से बदलाव देखे जा रहे हैं। अव्वल तो यह है कि ज्यादातर सभी सीटों से चुनाव मैदान में उतरने को आमादा हैं। बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं और लगभग हर सीट पर दर्जनों दावेदार नजर आते हैं। कई छोटे दल पहले से ही उम्मीदवारों का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कुछ टिकट वितरण की प्रक्रिया में हैं। अक्सर छोटे दल चुनाव से पहले बड़ी पार्टियों के साथ अप्रत्याशित गठबंधन कर लेते हैं। कई बार उनका उद्देश्य सिर्फ एक या दो सीट जीतना नहीं बल्कि टिकट बंटवारे और गठबंधन की राजनीति से तवज्जो और पहचान हासिल करना होता है। कुछ दल तो चंदा जुटाने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भी मैदान में उतरते हैं। इन सबके बीच बड़ी पार्टियों को वोट कटवा की चिंता है। नई पार्टियों की एंट्री ने जहां पुरानी पार्टियों के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, वहीं मतदाताओं के लिए विकल्पों की भरमार से कंफ्यूजन बढ़ गया है। चुनावी परिणाम चाहे जो हो, इतना तय है कि इस बार का चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में निर्णायक साबित होगा। अगर नई पार्टियां जनता के विश्वास पर खरी उतरती हैं, तो बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखी जाएगी। लेकिन अगर वे केवल वोट काटने तक सीमित रहीं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## नाम जप से मिट जाते हैं बुरे कर्म



संकलित
**दर्शन**

बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिलता ही मिलता है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि इसके कर्म ही इसे ले डुबेंगे। दरअसल हर एक कर्म का फल यही इसी जिंदगी में भोगना है लेकिन क्या बुरे कर्म को कभी पूजा-पाठ या नाम जप से खत्म किया जा सकता है? इसका जवाब वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज ने दे दिया दिया है। एक भक्त के पूछे जाने पर प्रेमानंद महाराज ने तीन तरह के कर्मों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने समझाया कि नाम जप से कौन-कौन से बुरे कर्म खत्म किए जा सकते हैं और किन कर्मों का फल हमें किसी भी हालत में भुगतना ही पड़ता है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जप से बुरे कर्म तो नष्ट हो जाते हैं लेकिन वर्तमान के बुरे कर्म। जो कर्म प्रारब्ध बन गया है वो नहीं। वो भोगना पड़ेगा। इस शरीर की रचना के वक्त जो प्रारब्ध बन गया है, वो भोगना ही पड़ेगा। वो नहीं काटा जा सकता है। बड़े-बड़े संतों को भी वो भोगना पड़ता है। अब अगर हम इतना डटकर नाम जप करें तो पहले जो वर्तमान की जो गलतियां हुई हमारी इस जन्म में वो पवित्र हो जाए। फिर पूर्व जन्मों का जो संचित यानी गोदाम जमा है वो भस्म हो जाए और प्रारब्ध को भोग लें तो हम निष्पात हो जाएंगे। भोग बड़ा कार्य है। इसलिए पूरा जीवन पाप ना करते हुए, धर्म से चलते हुए एक-एक कदम सावधानी से नाम जप करते हुए तब वो निष्पात हो जाता है। निष्पात होना बहुत कठिन है क्योंकि जबसे सृष्टि हुई तबसे हमारा हिसाब-किताब चल रहा है और आज तक भजन नहीं हुआ।


## लक्ष्य पर ध्यान लगाओ



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक जगह से गुजरते हुए उन्होंने पुल पर खड़े कुछ लड़कों को नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाते देखा। किसी भी लड़के का एक भी निशाना सही नहीं लग रहा था। तब उन्होंने एक लड़के से बंदूक ली और खुद निशाना लगाने लगे। उन्होंने पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक उन्होंने कुल 12 निशाने लगाये और सभी बिलकुल सटीक लगे। ये देख लड़के दंग रह गए और उनसे पूछा, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? स्वामी जी बोले, तुम जो भी कर रहे हो अपना पूरा दिमाग उसी एक काम में लगाओ। अगर तुम निशाना लगा रहे हो, तो तम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम कभी चूकोगे नहीं। अगर तुम अपना पाठ पढ़ रहे हो, तो सिर्फ पाठ के बारे में सोचो. मेरे देश में बच्चों को यही करना सिखाया जाता है। इधर, एक और घटना है। एक बार स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा पर गये थे। उनका भगवा वस्त्र और आकर्षक पगड़ी देख कर लोग अचंभित रह गये और वे यह पूछे बिना नहीं रह सके, आपका बाकी सामान कहां है? स्वामी जी बोले, मेरे पास बस यही सामान है। तो कुछ लोगों ने व्यंग्य किया, अरे! यह कैसी संस्कृति है आपकी? तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पतलून जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है? इस पर स्वामी विवेकानंद जी मुस्कुराये और बोले, हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से भिन्न है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*- विकास साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### प्रगति की समीक्षा



लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय होगा। यह भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को प्रदर्शित करेगा और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनेगा।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिंसा भड़का रहा विहिप



विश्व हिंदू परिषद कौन होता है यह तय करने वाला कि कौन गरबा में जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह सिर्फ आयोजकों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने और बल प्रयोग करने का खुला निमंत्रण है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं!
**- रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री**

### डल झील साफ



पिछले पांच वर्षों के दौरान, डल-निगीन झील और इसके जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का काम मिशन मोड में किया गया है। डल झील साफ हुई है और बड़ी संख्या में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।
**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### भाजपा की मिलीभगत



मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत जिम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वो हिंसक होंगे ही।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### एक बार भारी आहार लेने से भी 'मेटाबॉलिज्म' व पाचन पर असर



नवरात्र शुरू हो रहे हैं और विशेषज्ञों की सलाह है कि इस दौरान उपवास करने वालों को रात्रि में अचानक भारी भोजन करने से बचना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसा करना उनके 'मेटाबॉलिज्म' और पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है। आमतौर पर, नवरात्र में उपवास करने वाले श्रद्धालु दिन में फल और रात्रि में आलू-साबूदाना की खिचड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा, लौकी, कद्दू, दूध, दही या पनीर इत्यादि चीजों का सेवन करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नौ दिन तक खाने का यह पैटर्न नुकसानदायक साबित हो सकता है। दिनभर भोजन न करने से शरीर की ऊर्जा की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है और शाम या रात्रि में भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। इससे अपच, एसिडिटी और पेट में भारीपन की शिकायत हो सकती है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के 'डायटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग' की वरिष्ठ कंसलटेंट दिव्या मलिक ने कहा, नौ दिन के उपवास में दिनभर कुछ न खाना और रात्रि में एक बार भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। मेटाबॉलिज़्म भी धीमा पड़ सकता है क्योंकि भूखे रहने के बाद एक बार में ज्यादा खाना खाने से शरीर कैलोरी को सही तरीके से जलाने में मुश्किल महसूस करता है।

## ऑफ बीट

### मनोभ्रंश का कारण बन सकती है कम घंटों की नींद



देर रात तीन बजे आंख खुलने के बाद लगातार टकटकी लगाये छत पर लगे पंखे या घड़ी को देखते रहने से सिर्फ अगले दिन के लिए ऊर्जा कम होती है। अमेरिका में बुजुर्गों पर किए गए एक दीर्घकालिक अध्ययन में अब यह सामने आया है कि ज्यादा समय तक ये समस्या हमारे मस्तिष्क के अंदर होने वाले उन बदलावों से जुड़ी हुई है, जो मनोभ्रंश का कारण बनते हैं। अमेरिका के मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 2,750 लोगों पर औसतन साढ़े पांच साल तक नजर रखी। अध्ययन में शामिल लोगों ने हर साल विस्तृत स्मृति जांच कराई और कई लोगों के मस्तिष्क स्कैन भी हुए, जिनसे भविष्य में संज्ञानात्मक समस्याओं के दो स्पष्ट संकेत मिले, जिनमें 'एमिलॉइड प्लेक' का निर्माण और मस्तिष्क के श्वेत पदार्थ में क्षति के छोटे-छोटे निशान शामिल हैं और इसे श्वेत पदार्थ 'हाइपरइंटेंसिटीज' भी कहते हैं। एक महीने के अंतराल पर कम से कम दो बार इस समस्या का निदान होने पर प्रतिभागियों को लंबे समय से इस समस्या से ग्रस्त माना गया। अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या 16 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती थी। गहरी नींद में सोने वाले लोगों की तुलना में लंबे समय से अनिद्रा का शिकार लोगों की याददाश्त व सोचने की क्षमता में गिरावट देखी गई।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एशिया कप में भारत ने फिर चटाई पाकिस्तान को धूल

## अभिषेक का तूफानी अर्धशतक, पड़ोसी को छह विकेट से हराया




एजेंसी ▶▶ दुबई

अभिषेक शर्मा के तूफानी अर्धशतक और शुभमन गिल के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारत ने एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अभिषेक (74 रन, 39 गेंद, छह चौके, पांच छक्के) और गिल (47 रन, 28 गेंद, आठ चौके) के बीच पहले विकेट की 105 रन की साझेदारी की बदौलत सात गेंद शेष रहते चार विकेट पर 174 रन बनाकर जीत दर्ज की। तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से नाबाद 30 रन की उम्दा पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से हारिस राऊफ (26 रन पर दो विकेट) और फहीम अशरफ (31 रन पर एक विकेट) ने प्रभावी गेंदबाजी की लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। लीग मैच की तरह इस बार भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। पाक ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 58 रन की पारी की मदद से पांच विकेट पर 171 रन बनाए। फरहान ने सईम अयूब (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी भी की। मोहम्मद नवाज (21) और फहीम (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। भारत की तरफ से शिवम दुबे ने 33 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि पंड्या (29 रन पर एक विकेट) और कुलदीप (31 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## ▶▶ भारत ने 4 विकेट पर 174 रन बनाए



### दुबई में भिड़े भारत और पाक, नहीं मिलाया 'हाथ'



**दुबई।** एशिया कप सुपर-4 का हाई-वोल्टेज मुकाबला रविवार को दुबई में खेला गया। मैच शुरू होने से पहले टॉस के वक्त एक बार फिर से 'नो-हैंडशेक पार्ट-2' ड्रामा देखने को मिला। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के सुपर चार मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के समय सूर्यकुमार और उनके पाकिस्तानी समकक्ष सलमान आगा ने हाथ नहीं मिलाए।

### पाक-171/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फरहान का सूर्यकुमार बो दुबे | 58 |
| फखर जमां का सैमसन बो पंड्या | 15 |
| सईम अयूब अभिषेक बो दुबे | 21 |
| हुसैन का चक्रवर्ती बो कुलदीप | 10 |
| मोहम्मद नवाज रन आउट | 21 |
| सलमान आगा नाबाद | 17 |
| फहीम अशरफ नाबाद | 20 |

अतिरिक्त: 09

कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर: 171 रन

विकेट पतन: 1-21, 2-93, 3-110, 4-115, 5-149

गेंदबाजी: पंड्या 3-0-29-1, बुमराह 3-0-45-0, चक्रवर्ती 4-0-25-0, कुलदीप 4-0-31-1, अक्षर 1-0-8-0, दुबे 4-0-33-2

### अभिषेक बने मैन आफ द मैच

### भारत-174/4 (18.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का राऊफ बो अबरार | 74 |
| शुभमन गिल बो फहीम | 47 |
| सूर्यकुमार का अबरार बो राऊफ | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 30 |
| संजू सैमसन बो राऊफ | 13 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 03

कुल:18.5 ओवर में चार विकेट पर: 174

विकेट पतन: 1-105, 2-106, 3-123, 4-148

गेंदबाजी: शाहीन 3.5-0-40-0, अयूब 3-0-35-0, अबरार 4-0-42-1, राऊफ 4-0-26-2, फहीम 4-0-31-1

## खबर संक्षेप

### इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है।

### पाटिल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**जयपुर।** मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के आयोजित समारोह में सम्मानित किया।

### ला सेला ओपनः 47वें स्थान पर प्रणवी, हिताशी



**एलिकांटे (स्पेन)।** प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी 2025 ला सेला ओपन में संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। प्रवणी ने पार 72 जबकि हिताशी ने एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। प्रणवी ने 13वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और दो बोगी की। हिताशी ने चार बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत, रिद्धिमान दिलावरी और वाणी कपूर कट हासिल करने में नाकाम रहे।

### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला 2-0 से जीती

**डबलिन।** इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में रविवार को यहां आयरलैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीत ली। आयरलैंड के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने जोर्डन कॉक्स की 35 गेंद में 55 रन और टॉम बेनटन की 26 गेंद में नाबाद 37 की पारी की बदौलत मालाहिडे में 17 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 155 रन बनाकर जीत दर्ज की। आयरलैंड ने इससे पहले गैरेथ डेलानी की 29 गेंद में 48 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 154 रन बनाए। शुक्रवार को दूसरा टी20 लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा था। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 89 रन की पारी की बदौलत पहला टी20 चार विकेट से जीता था।

### सूर्यवंशी ने केवल 22 गेंद पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से खेली 38 रन की ताबड़तोड़ पारी

# अंडर-19 : सूर्यवंशी के आक्रामक तेवर से ऑस्ट्रेलिया धराशायी, भारत सात विकेट से जीता

**ब्रिसबेन।** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों के बाद विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वेदांत त्रिवेदी के नाबाद अर्धशतकों से भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने पहले युवा एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने 9 विकेट पर 225 रन ही बना सकी। इसके बाद मेहमान टीम ने इयान हीली ओवल में 117 गेंदे शेष रहते तीन विकेट गंवाकर आसानी से 227 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें कुंडू और त्रिवेदी क्रमशः 87 और 61 रन बनाकर नाबाद रहे।

### वैभव का दबदबा

सभी की नजरें 14 वर्षीय सूर्यवंशी पर टिकी थीं, जिन्होंने केवल 22 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यवंशी का दबदबा इतना था कि कप्तान आयुष म्हात्रे ने उनके साथ पहले विकेट की 50 रन की साझेदारी में केवल छह रन बनाए। सूर्यवंशी को तेज गेंदबाज हेडन शिलर (59 रन पर एक विकेट) ने आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। दो गेंद बाद चार्ल्स लैचमुंड (46 रन पर दो विकेट) ने म्हात्रे (06)को आउट कर दिया।



### त्रिवेदी और कुंडू ने की 152 रन की अटूट साझेदारी


विहान मल्होत्रा भी नौ रन बनाने के बाद लैचमुंड का शिकार बने, जिससे 10वें ओवर में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर जीत की उम्मीद जगी। हालांकि त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और टीम को केवल 30.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कुंडू ने 74 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए जबकि त्रिवेदी ने 69 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके लगाए। लचमुंड ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### भारतीय मूल के जेम्स ने 68 गेंदों में बनाए 77 रन

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 230 रन के भीतर रोक दिया, जो पहले बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टीम की उम्मीद से काफी कम था। हालांकि अगर जॉन जेम्स आक्रामक पारी नहीं खेलते तो मेजबान टीम इतने रन भी नहीं बना पाती। जेम्स ने 68 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 रन पर चार विकेट और फिर 107 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हेनिल पटेल 38 रन पर तीन विकेट चटकाकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कनिष्क चौहान (39 रन पर दो विकेट) और किशन कुमार (59 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि आरएस अंबरीश (50 रन पर एक विकेट) को एक विकेट मिला। टॉम होगन ने 81 गेंद में 41 रन की धीमी पारी खेली जबकि स्टीवन होगन ने 82 गेंद का सामना करने के बाद 39 रन ही बना सके, जिससे भारतीय गेंदबाजों की पकड़ का पता चलता है।

**पैरा बैडमिंटन**

## भगत की शानदार वापसी कड़े मुकाबले में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता।

**कोरिया ओपन**

## स्वियातेक ने कैटरीना को हराकर जीता खिताब



**सोल।** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया।

स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।

## परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना चैंपियन टीम की पहचान : मूनी

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महिला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।



मूनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।' भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पलटवार किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में जीत हासिल की। भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने 63 गेंदों पर 125 रन, हरमनप्रीत कौर ने 52 और दीप्ति शर्मा ने अंत में 72 रन बनाए।

## बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में मन्हास दाखिल किया अपना नामांकन

**मुंबई।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा।



बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।

### सीएबी अध्यक्ष के रूप में गांगुली की वापसी तय



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल, बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

## बिली जीन किंग कप : फाइनल में अमेरिका, ब्रिटेन को हराया


**शेनझेन।** जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते, जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी। इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था।



### फाइनल में कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारे

## चीन मास्टर्स: खिताब से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**शेनझेन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### कोरियाई टीम की अच्छी शुरुआत

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

### लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी, जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क

# ट्रंप के नकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम 40 हजार ज्यादा अमेरिकन ने गंवाई नौकरी




### अमेरिका का कहना सुरक्षा की दृष्टि से ये कदम उठाया

### पुराने वीजा धारकों पर शुल्क लागू न होना राहत की बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। वाइट हाउस ने अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियों ने ही बड़े पैमाने पर अमेरिका के लोगों की छंटनी कर दी और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों को दे दी। वाइट हाउस ने कहा कि एक कंपनी को 5189 एच-1बी वीजा मिल गए तो उसने 16000 अमेरिकियों की छंटनी कर दी। एक अन्य कंपनी को 1698 एच-1बी वीजा मिले तो 2400 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया। वाइट हाउस ने कहा कि एक अन्य कंपनी 2022 से 27000 अमेरिकियों की नौकरी छीन चुकी है। चौथी कंपनी ने 1000 लोगों को नौकरी से निकाला और उनकी जगह विदेशियों को भर्ती कर लिया।

### वीजा शुल्क पर मस्क का बदला रुख, बोले तो जंग छेड़ दूंगा

*टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क का एच1बी वीजा को लेकर पुराना बयान और फिर बदला हुआ रुख सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मस्क खुद साउथ अफ्रीका से हैं और वीजा सिस्टम की वजह से अमेरिका में रह पाए, वे पहले एच1बी वीजा के बड़े समर्थकों में गिने जाते थे। उन्होंने कहा था कि उनकी कंपनियां टेस्ला और स्पेसएक्स में काम करने वाले कई क्रिटिकल लोग इसी वीजा से आए हैं। उन्होंने 28 दिसंबर को एक्स पर लिखा था, मैं अमेरिका में हूं और मेरी कंपनियों को बनाने वाले कई अहम लोग यहां हैं, सिर्फ एच1बी की वजह से हैं। अगर इसे रोका गया तो मैं इस मसले पर जंग छेड़ दूंगा। हालांकि, कुछ ही घंटों में उन्होंने कहा कि एच1बी सिस्टम टूटा हुआ है और इसमें बड़े बदलाव की जरूरत है। मस्क ने सुझाव दिया था कि वीजा रखने वालों की न्यूनतम सैलरी बढ़ाई जाए और कंपनियों के लिए इसे बनाए रखना और महंगा किया जाए, ताकि घरेलू कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले।*




### पूर्व राजनयिक केपी फेबियन बोले इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को एक लाख डॉलर प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के फैसले पर भारत में गहरी चिंता जताई जा रही है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फेबियन ने इसे काफी नकारात्मक करार दिया है। उनका कहना है कि फिलहाल यह शर्त सिर्फ नए आवेदनों पर लागू होगी, मौजूदा वीजा धारकों को इससे राहत दी गई है। फेबियन ने कहा कि नई शर्तों के तहत केवल वे लोग प्रभावित होंगे जो अक्टूबर 2026 से नया एच-1बी वीजा लेंगे। मौजूदा धारकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोड़ा कि अमेरिकी तर्क यह है कि विदेशी कर्मचारियों को रखना, अमेरिकी नागरिकों की तुलना में सस्ता पड़ता है, लेकिन कुल मिलाकर यह दृष्टिकोण गलत है और इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा।

रक्षा समझौते के बाद सामने आई रिपोर्ट

# सऊदी अरब की भीख से चल रहा पाकिस्तान का 'गुजारा'

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान का गुजारा सऊदी अरब से मिली भीख पर चल रहा है। पाकिस्तान को सऊदी अरब ने सिर्फ 4 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर सस्ता ऋण मुहैया कराता आ रहा है। इससे भिखारी पाकिस्तान की रोजी-रोटी चल पा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान को मिलने वाले सस्ते विदेशी ऋणों में सऊदी अरब उसका प्रमुख स्रोत बना हुआ है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, रियाद ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद को दिये दो अलग-अलग नकद ऋणों पर केवल 4 प्रतिशत ब्याज दर वसूली।

### पाकिस्तान का हमदर्द बन रहा है सउदी अरब

सऊदी अरब ने यह ऋण एक साल के लिए दिया था, लेकिन वह अब तक चुका नहीं पाया है। खबरों के अनुसार एक वर्ष के लिए दिए गए इस ऋण को पाकिस्तान द्वारा चुकाया जाना अभी बाकी है। सऊदी, बिना कोई अतिरिक्त ब्याज लगाए इन ऋणों को वार्षिक रूप से आगे बढ़ा रहा है। सऊदी अरब अब पाकिस्तान का चीन से भी बड़ा मददगार बन चुका है। खबर के मुताबिक, सऊदी अरब द्वारा पाकिस्तान को दिये गए ये ऋण चीन से मिलने वाले ऋण की तुलना में लगभग एक-तिहाई सस्ते हैं। साथ ही, विदेशी वाणिज्यिक उधार से आधी लागत पर हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया।

### हॉरर फिल्म ने जमाया कब्जा

# बॉलीवुड की फिल्म ने 16 दिन में ही कमा लिए 3,140 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉलीवुड की तमाम फिल्मों ने पिछले एक दो सालों में बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ का कलेक्शन किया है, मगर क्या आप जानते हैं कि इस वक्त हॉलीवुड की एक फिल्म कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। जितना फिल्मों का लाइफटाइम कलेक्शन नहीं होता, उससे कई ज्यादा ये फिल्म महज 16 दिनों में कमा चुकी है। हॉरर फिल्म द कंज्यूरिंग लासट रिटस की, जो पिछले कई दिनों से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। ये फिल्म 5 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हुई थी और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर इसने 355 मिलियन डॉलर का बिजनेस कर लिया है, जो 3140 करोड़ है।

### तालिबान यूएस को नहीं देगा बगराम वायुसेना अड्डा!



**जलालाबाद।** तालिबान सरकार ने बगराम वायुसेना अड्डे पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को रविवार को खारिज कर दिया। चार साल पहले आनन-फानन में अमेरिका के अफगानिस्तान से निकलने के बाद सैन्य अड्डे पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। यद्यपि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि सैन्य अड्डा अमेरिका को सौंपने को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की अफगानिस्तान के अधिकारियों से क्या बातचीत हुई है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank Instant cashback offer is valid until 30th September 2025. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8168971032; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**